52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 9.4 °c | अधिकतम 14.1 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:14 सूर्यास्त-5:33 | वर्ष : 52/ अंक : 03 | शुक्रवार, 03 जनवरी 2025 | पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

देर से बोले जाने वाला सच, असत्य से अधिक हानिकारक होता है।

लालू प्रसाद यादव सत्ता में वापसी का सपना देख रहे हैं : सम्राट चौधरी

कई तो हारकर भी खुद को सत्ता ही में समझ रहे हैं.....

हीटर से लगी आग, पूरा घर हो गया खाक

मुजफ्फरनगर, 2 जनवरी (बु.)। प्रेमपुरी में विद्युत विभाग के एक कर्मी के यहां हीटर से आग लग गयी। दरअसल प्रेमपुरी के रहने वाले विपिन वर्मा बच्चे की दवाई दिलवाने के लिए घर का ताला लगाकर डॉक्टर के पास गए हुए थे। जब तक वे डॉक्टर के पास थे तो आसपास के लोगों ने उन्हें सूचना दी कि उनके घर से धुआं उठ रहा है। जैसे ही विपिन आनन फानन में घर पहुंचे और घर का दरवाजा खोला तो आग का इतना भयावह रूप था कि घर के अंदर प्रवेश की हिम्मत न हो सकी। जैसे-तैसे आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया और फायर बिग्रेड को इसकी सूचना दी गयी। क्षेत्र के लोगों की मदद व फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया मगर उससे पहले ही घर में रखा सारा कीमती सामान फ्रीज, वॉशिंग मशीन, एलईडी इत्यादि जलकर राख हो चुके थे। वहां की तस्वीरें साफ बयां कर रही थी कि आग कितनी भयंकर थी कि जिसमें लोहा भी पिघलकर मुड़ गया। पूरे घर में आग से हुए बड़े नुकसान से विपिन कुमार पूरी तरह से व्यथित दिखाई दिये और देर रात तक आग के नुकसान का आंकलन चलता रहा।

मकान के अंदर ही थी कन्फैक्शनरी की दुकान, वो भी हुई स्वाह

मुजफ्फरनगर। विपिन वर्मा यूं तो विद्युत विभाग में कार्यरत हैं, मगर घर में एक और भाई होने के कारण घर में ही एक छोटी सी कन्फैक्शनरी की दुकान भी खोली हुई थी। आग इतनी भयंकर थी कि यह दुकान भी आग की चपेट में आ गयी और पूरी तरह से दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। इस दुकान में भी विपिन कुमार का हजारों रुपये का सामान रखा हुआ था। शुक्र यह रहा कि इसमें कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं था।

हीटर का स्विच खोलकर भूल जाना बना आग का कारण

मुजफ्फरनगर। परिवार के लोगों के अनुसार जिस समय बच्चे को दवाई दिलवाने के लिए वे डॉक्टर के पास गए थे, तब क्षेत्र में लाइट नहीं आ रही थी, जिसके चलते विपिन कुमार हीटर का स्विच खुला ही छोड़ गए। बताया तो यह जा रहा है कि उक्त हीटर भी बिस्तर के ऊपर रखा हुआ था। विपिन कुमार के जाने के बाद जब लाइट आई तो हीटर तेज गर्म हो जाने के कारण बिस्तर पर पड़े किसी कपड़े ने आग पकड़ ली, जिस कारण पूरा घर जल गया। कुल मिलाकर जरा सी भूल से आग की इतनी बड़ी घटना घटित हो गयी।

कृषि अधिकारियों ने मारा कोर्ट रोड पर छापा, तीन नमूने जब्त

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बु.)। सर्द हवाओं की दस्तक के बीच जनपद में शुरू हुई रबी की फसलों की बुवाई के दौरान अन्नदाताओं को बेहतर बीज, दवा और उर्वरकों की उपलब्धता की खातिर गुरूवार को जिले के कृषि विभाग के अधिकारियों ने नगर क्षेत्र में कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। कोर्ट रोड पर एक साथ गाड़ियों में पहुंचे विभागीय अधिकारियों ने दो गेहूं के बीज और एक पेस्टीसाइड का नमूना जब्त करते हुए जिला प्रशासन की सख्ती के संकेत दिए। कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम को देख कई दुकानदार अपनी दुकान बंद कर गायब हो गए। गुरूवार को नगर के कोर्ट रोड पर जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र सिंह के नेतृत्व में बीज व पेस्टीसाइड की दुकानों पर छापेमारी की गई। टीम द्वारा की गई कार्रवाई से क्षेत्र में काफी देर तक हड़कंप सा मचा रहा। इस बीच टीम ने कोर्ट रोड सिथत पंजाब बीज भंडार व वहेला बीज स्टोर से गेहूं के बीज के नमूनों को जब्त करते हुए उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। वहीं दूसरी ओर कोर्ट रोड स्थित मलिक एग्रो सैंटर से टीम ने इस दौरान एक पेस्टीसाइड का नमूना जब्त करते हुए जांच के लिए लेते हुए प्रयोगशाला को भेजा। अधिकारियों ने बताया कि उक्त नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही तय होगा कि नमूने सही हैं या नहीं। अगर नमूने फेल हुए तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

दिल्ली भाजपा ने 'फर्जी वोटर्स से इश्क है' नाम से जारी किया पोस्टर

नयी दिल्ली, 02 जनवरी (वार्ता) दिल्ली भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को नया चुनावी पोस्टर 'फर्जी वोटर्स से इश्क है' जारी किया, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं पर नकली वोट बनाने के आरोप लगाये गये हैं। इस मौके पर भाजपा के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, '' पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके साथियों के राजनीतिक गुनाह बहुत ज्यादा है और वे लोग दिल्ली को बर्बाद करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप के राज्य सभा सांसद संजय सिह अपनी पत्नी श्रीमती अनीता सिह का वोट कटवाने का झूठा आरोप भाजपा पर लगाये हैं, लेकिन वह बताये कि श्रीमती सिह का वोट कहां- कहां हैं। संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल और दिल्ली भाजपा की चुनाव आयोग सम्पर्क समिति के संयोजक संकेत गुप्ता भी मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत

हरिद्वार 02 जनवरी (वार्ता) हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर बुधवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में हरियाणा के रेवाड़ी निवासी चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज एम्स में चल रहा है। दुर्घटना बहादराबाद थाने के पास शनि देव मंदिर के सामने हुई। रुड़की की ओर से आ रही यात्रियों की कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। थानाध्यक्ष नरेश राठौर ने बताया कि मृतकों के नाम केहर सिह, आदित्य, मनीष और प्रकाश हैं। जबकि घायल महिपाल को ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक फजलुर्रहमान भगवानपुर से 800 सीमेन्ट के बैग भरकर ऋषिकेश में ढालवाला में अम्बुजा सीमेन्ट के गोदाम जा रहा था और सड़क किनारे ट्रक खड़ाकर वाशरूम गया था तभी रुड़की से आ रही तेज रफ्तार कार पीछे से ट्रक से जा टकराई।

कोर्ट कमिश्नर ने दाखिल की संभल जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट

संभल, 02 जनवरी (एजेंसी)। संभल की जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने के मामले में कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने दो जनवरी 2025 दिन बृहस्पतिवार को न्यायालय में बंद लिफाफे में सर्वे रिपोर्ट पेश कर दी है। कोर्ट कमिश्नर ने बताया कि तबियत खराब होने की वजह से सर्वे रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल करने में देरी हुई। बता दें कि 19 नवंबर को न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन संभल स्थित चंदौसी की अदालत में शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर कैला देवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरी और हरिशंकर जैन समेत आठ वादकारियों ने वाद दायर किया था। न्यायालय ने उसी दिन अधिवक्ता रमेश सिंह राघव को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था और सर्वे करने के आदेश दिए थे। कोर्ट कमिश्नर ने उसी दिन कड़ी सुरक्षा व जिले के आला अधिकारियों की मौजूदगी में सर्वे किया। 24 नवंबर को वह डीएम व एसपी की सुरक्षा में दोबारा सर्वे करने पहुंचे तो बवाल हो गया था। जिसमें पांच लोगों की जान चली गई। कई पुलिस कर्मी भी घायल हो गए थे। इसके बाद 29 नवंबर को कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट पेश की जानी थी।

नगर में सड़कों पर उतरे डीएम अव्यवस्था देख हुए नाराज

▶ ईओ को दिए अलाव प्रभारी पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश ▶ मुख्य चौराहों व बस स्टैंड पर नहीं मिले अलाव, लगाई फटकार

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बु.)। हाड़ कंपा देने वाली सर्दी के बीच गुरूवार देर रात्रि डीएम उमेश मिश्रा ने नगरीय क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। नगरीय क्षेत्र में इस दौरान उन्होंने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और इसे और बेहतर बनाने को जहां मुख्य स्थानों का जायजा लिया, वहीं सर्दी के बीच नगर क्षेत्र में अलाव व्यवस्था में मिली खामियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर पालिका के अलाव प्रभारी पर कड़ी कार्रवाई किए जाने के ईओ पालिका को निर्देश दिए। डीएम के सड़कों पर उतरने से अफसरों में हड़कंप मचा रहा, वहीं नगरीय क्षेत्र में सुधार की आस लोगों में फिर से जागृत हुई।

गुरूवार को डीएम उमेश मिश्रा नगरीय क्षेत्र की बेपटरी व्यवस्था को सुधारने के साथ इसे और भी बेहतर बनाने की खातिर जिले के आलाधिकारियों के साथ नगर भ्रमण को निकले। सर्द हवाओं के थपेड़ों के बीच व्यवस्था का सच जानने के साथ शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए व्यापक योजना तैयार करने पर इस बीच मंथन किया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण बीच डीएम ने कई स्थानों को चिन्हित किया, जहां जल्द ही सुधार कार्य शुरू किए जाएंगे। डीएम ने मुख्य चौराहों के सौंदर्यीकरण के लिए खास रणनीति तैयार की, ताकि शहर की छवि को और बेहतर किया सके। नगरीय क्षेत्र के इस निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, एसडीएम सदर निकिता शर्मा व पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ डीएम उमेश मिश्रा ने योगी सरकार की ओर से जारी निर्देशों के बीच जहां रैन बसेरों का निरीक्षण करते हुए वहां मौजूद लोगों से वार्ता करते हुए व्यवस्थाओं को परखा। वहीं रेलवे स्टेशन पर पालिका प्रशासन की ओर से संचालित शेल्टर होम में किए गए प्रबंधों पर संतोष भी व्यक्त किया। डीएम ने अस्थाई रैन बसेरों में विशेष रूप से आने वाले लोगों को मदद किए जाने के अधीनस्थों को निर्देश दिए।

इन्होंने कहा- डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि गुरूवार देर रात्रि अधिकारियों के साथ नगरीय क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों का निरीक्षण करने के साथ साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की संभावनों को तलाशने की पहल की गई है, ताकि यहां के नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने बताया कि नगर की बेहतरी और नया रूप देने के लिए निरीक्षण किया गया है। उनकी मंशा है कि नगर में ऐसे कार्यों को धरातल पर उतारा जाए जो लंबे समय तक व्यवस्थित रूप से बना रहे।

डीएम उमेश मिश्रा नगरपालिका प्रशासन की ओर से संचालित अलाव की व्यवस्था से नाराज दिखाई दिए। इस बीच रोडवेज बस स्टैंड समेत कई अन्य स्थानों पर अलाव व्यवस्था न होने पर जब प्रभारी अलाव लिपिक तनवीर आलम से बात की, तो वे अलाव व्यवस्था पर सही जवाब नहीं दे पाए। डीएम ने इस लापरवाही पर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को तुरंत अलाव प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर डीएम की नाराजगी के बीच अलाव प्रभारी पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। शुक्रवार को इस मामले में अलाव प्रभारी से जवाब तलब करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। नगर पालिका के कई कर्मचारियों पर डीएम का कोप बढ़ सकता है, इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता। गुरूवार देर रात्रि डीएम उमेश मिश्रा ने एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह समेत अन्य अफसरों के साथ नगर पालिका क्षेत्र के मीनाक्षी चौक, शिवचौक, जिला अस्पताल चौक, नावल्टी चौक, टाऊनहाल झांसी की रानी चौक, सोल्जर बोर्ड चौराहा, रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड, प्रकाश चौक, महावीर चौक जीआईसी ग्राउंड, सरकुलर रोड, सुजडू चौक समेत अन्य इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया।

प्रयागराज जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन का बदला समय

मुजफ्फरनगर। सहारनपुर से वाया मुजफ्फरनगर होकर प्रयागराज आने-जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन का समय बदला गया है। रेलवे स्टेशन अधीक्षक पवन कुमार ने बताया कि नौचंदी एक्सप्रेस अब तक सहारनपुर से चलकर प्रयागराज जाने के लिए सुबह के समय 8 बाजकर 25 मिनट पर आती थी। अब 9 बजकर 20 पर आएगी। शाम को प्रयागराज से सहारनपुर जाने वाली ट्रेन 6 बजकर 41 मिनट पर आती थी। अब 6 बजकर 9 मिनट पर आएगी। इसके अलावा भी दिल्ली से सहारनपुर के लिए आवागमन करने वाली दो पैसेंजर ट्रेनों के समय में दो से तीन मिनट का परिवर्तन किया गया।

मीरापुर में अवैध अस्पतालों पर छापेमारी, तीन अस्पताल, एक मेडिकल स्टोर सील

▶ झोलाछाप के क्लीनिक व मैडिकल स्टोर में मिली एक्सपायरी दवाईया ▶ बेसमेंट व मैडिकल स्टोर के अन्दर चलते मिले अवैध अस्पताल

मीरापुर, 2 दिसम्बर (बु.)। कस्बे में चल रहे अवैध अस्पतालों पर एसडीएम ने चिकित्सा विभाग की टीम के साथ ताबड़तोड़ छापेमारी कर दो अस्पताल, एक क्लीनिक तथा दो मैडिकल स्टोर सील कर दिए। छापेमारी के दौरान अस्पताल संचालक व चिकित्सक मौके पर मौजूद नहीं मिले व पंजीकरण का कोई प्रपत्र नहीं मिला। इस दौरान एसडीएम ने मैडिकल स्टोर पर मिले युवक को कडी फटकार लगाई तथा इसके बाद दूसरे मैडिकल स्टोर पर मौजूद युवक को थाने भिजवाया। छापेमारी से अस्पताल व मैडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया।

कस्बे में अवैध अस्पतालों के संचालित होने की सूचना पर गुरूवार की दोपहर एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार, जानसठ चिकित्सा प्रभारी डॉ. अजय कुमार, नायब तहसीलदार विपिन चौधरी टीम के साथ सबसे पहले भूम्मा रोड पर स्थित न्यू भारत अस्पताल में पहुँचे। टीम के पहुँचने से पहले ही से यहां से अस्पताल संचालक व चिकित्सक भाग गए। टीम ने यहां पर मौजूद स्टाफ नर्स शफक से अस्पताल का पंजीकरण मांगा, तो वह कोई प्रपत्र नहीं दिखा सकी। टीम ने अस्पताल में जांच की तो यहां पर ऑपरेशन के उपकरण व नवजात बच्चों की हॉटथेरेपी के लिए जुगाड़ वाला वार्मर मिला तथा अस्पताल में भर्ती एक मरीज को एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पट्टी करती मिली। पूछताछ में अस्पताल में मिली तीन स्टाफ नर्स भी टीम को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई, तो टीम ने अस्पताल सील कर दिया। इसके बाद टीम ने पास के ही शिफा क्लीनिक पर छापा मारा। टीम को यहां पर भी कोई प्रपत्र, चिकित्सक व संचालक नहीं मिला तथा टीम को बेसमेंट में अवैध रूप से संचालित पूरा अस्पताल मिला। बेसमेंट में मरीजों भर्ती करने के लिए दर्जनों बैड व ऑपरेशन थियेटर तथा भारी मात्रा में प्रतिबंधित इंजेक्शन व एक्सपायर दवाईयां मिली, तो टीम ने यहां पर भी सील लगा दी। इसके बाद टीम पड़ाव चौक स्थित केपी क्लीनिक पर पहुँची। टीम के पहुँचने से पहले ही यहां से भी चिकित्सक भाग गया। टीम ने क्लीनिक में जांच पड़ताल की, तो क्लीनिक में बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाईयां मिली, जिस पर एसडीएम सुबोध कुमार ने क्लीनिक पर मौजूद मिले युवक को कड़ी फटकार लगाई तथा दवाईयों के संबंध में पूछताछ की, तो युवक कोई जवाब नहीं दे सका। क्लीनिक के बराबर में ही उक्त झोलाछाप चिकित्सक का अवैध मैडिकल स्टोर मिला, जिसका बंद शटर टीम ने खुलवाया तो टीम को मैडिकल स्टोर के अंदर ही पूरा अस्पताल चलता मिला। जिसमें मरीजों को भर्ती करने के लिए कई बैड पड़े मिले। इस दौरान टीम को यहां भी अधिकांश दवाईयां एक्सपायर मिली, जिसके बाद एसडीएम ने मैडिकल स्टोर से संबंधित प्रपत्र मांगे, तो चिकित्सक का पुत्र कोई प्रपत्र नहीं दिखा सका। जिसके बाद एसडीएम ने मौजूद मिले युवक को पुलिस को सौंप दिया तथा उक्त क्लीनिक व मैडिकल स्टोर को सील करा दिया। छापेमारी के दौरान कस्बे के समस्त क्लीनिक व मैडिकल स्टोर बंद हो गए तथा संचालकों में हड़कंप मच गया। छापेमारी की कार्यवाही के दौरान एसडीएम सुबोध कुमार ने बताया कि जांच में कोई प्रपत्र नहीं मिलने तथा चिकित्सक के मौजूद नहीं होने के कारण अवैध रूप से संचालित न्यू भारत हॉस्पिटल व शिफा क्लीनिक तथा केपी क्लीनिक व पाविका मैडिकल स्टोर पर सील लगाई गई है तथा सभी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

झोलाछाप कर रहे जच्चा-बच्चा की जान से खिलवाड़

मीरापुर, 2 दिसम्बर (बु.)। कस्बे के अधिकांश अस्पतालों में कोई भी पंजीकृत चिकित्सक नहीं बैठता है। अधिकांश अस्पतालों को झोलाछाप द्वारा पंजीकृत चिकित्सकों के नाम लिखकर संचालित किया जा रहा है। उक्त झोलाछाप चिकित्सक थोड़े से रुपयों के लालच में चोरी छिपे बेसमेंट में ऑपरेशन थियेटर व मरीजों को भर्ती करने के लिए वार्ड चलाकर जच्चा-बच्चा की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।

अस्पताल सील के दौरान अंदर बंद हुई छिपी बैठी स्टाफ नर्सें

मीरापुर, 2 दिसम्बर (बु.)। कस्बे के शिफा क्लीनिक में जिस समय टीम छापेमारी करने पहुँची, तो टीम के पहुँचने से यहां हड़कंप मच गया तथा क्लीनिक के नाम पर चल रहे अस्पताल में कार्यरत कई स्टाफ नर्स ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में छिप गई। जब टीम ने अस्पताल में सील की कार्यवाही शुरू की, तो स्टाफ नर्सें वहीं बंद रह गई तथा अंदर बंद रहने के डर से स्टाफ नर्सों ने शोर मचाया तो टीम ऊपरी मंजिल पर पहुँची तथा उन्हें बाहर निकाला, जिसके बाद टीम ने पुनः पूरा अस्पताल यह कहकर चैक किया कि कोई अंदर तो नहीं है।

जीवन रक्षक वार्मर मशीन के नाम पर मिला जुगाड़

मीरापुर, 2 दिसम्बर (बु.)। कस्बे के न्यू भारत अस्पताल में हुई छापेमारी के दौरान एसडीएम सुबोध कुमार व चिकित्सा प्रभारी डॉ. अजय कुमार उस समय हैरत में पड़ गए, जब अस्पताल में जीवन रक्षक वार्मर मशीन एक जुगाड़ के रूप में संचालित मिली। डॉ. अजय कुमार ने बताया कि नवजात शिशुओं को जौंडिस (पीलिया) होने पर उन्हे हॉट थैरेपी के लिए वार्मर मशीन में रखा जाता है। अस्पताल संचालक द्वारा उक्त जुगाड़ में बच्चों को रखकर जीवन रक्षक वार्मर मशीन के नाम पर बड़ी रकम वसूली जाती है।

चकबंदी विभाग से तंग आकर रो पड़ा किसान का बेटा, बोला - मुझे इच्छा मृत्यु चाहिए

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बु.)। सदर तहसील के गांव सादपुर निवासी प्रमोद चकबंदी विभाग की नाइंसाफी से इतना परेशान हो चुका है कि आज किसान ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर परिवार सहित इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है। किसान प्रमोद का कहना है कि उसकी आठ बीघा जमीन पर दूसरे पक्ष ने कब्जा किया हुआ है। उस पक्ष के पास पैसा और राजनैतिक पहुंच दोनों हैं, इसलिए उसकी सभी अपील खारिज कर दी जाती हैं। आज तंग आकर किसान कलेक्ट्रेट पहुंचा और अपनी व्यथा बताते-बाते रो पड़ा। प्रमोद ने बताया कि उसकी जमीन बचाने के लिए उसके पिता जयचंद ने धारा-52 के तहत 13 साल तक लम्बी लड़ाई लड़ी। लड़ाई लड़ते-लड़ते एक दिन उनकी खेतों में ही मौत हो गयी। मौत के बाद वह नोएडा से अपनी नौकरी छोड़कर आया है और पिछले एक साल से चकबंदी और अधिकारियों के चक्कर काट-काटकर थक चुका है, मगर उसे उसकी जमीन पर कब्जा नहीं मिला। गुरूवार को अपनी व्यथा बताते-बताते प्रमोद रो पड़ा और उसने कहा कि प्रशासन की ऐसी बदइंतजामी तो उसने कभी देखी ही नहीं। उसका कहना है कि बड़ी बात यह है कि उसकी हर बात में सच्चाई होते हुए भी अधिकारियों ने उसकी सभी अपील दबंगों के सामने घुटने टेकते हुए खारिज कर दी और दूसरे पक्ष के पक्ष में कब्जा परिवर्तन करते हुए उसकी जमीन जोत दी गयी। प्रमोद का यह भी कहना है कि सिर्फ मुजफ्फरनगर ही नहीं उसने लखनऊ तक के तमाम अधिकारियों यहां तक कि डिप्टी सीएम व सीएम की चौखट तक भी अपनी गुहार पहुंचाई मगर दूसरे पक्ष की राजनीतिक ताकत के चलते उसकी एक न चली। कुल मिलाकर आज हताश और निराश किसान प्रमोद ने परिवार सहित इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि इस कगार पर पहुंचने के बाद भी उसे न्याय मिलता है अथवा नहीं।

फिर टली पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की जमानत अर्जी की सुनवाई

मुजफ्फरनगर, 2 जनवरी (बु.)। पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के ग्रह-नक्षत्र लगातार खराब ही चलते दिखाई पड़ रहे हैं। नए वर्ष में भी उनके ग्रह ठीक होते दिखाई नहीं दिये। 28 नवम्बर को उनकी ग्रह चाल तब खराब दिखाई दी थी जब एकाएक मीडिया को सूचना मिली कि शाहनवाज राणा गिरफ्तार कर लिये गए हैं। मीडिया ने जानकारी हासिल की तो पता चला कि बिजली चोरी के पुराने मामले में शाहनवाज राणा की गिरफ्तारी हुई है। हालांकि उक्त मामले में उन्हें हाथोंहाथ जमानत दे दी गयी थी मगर ठीक 7 दिन बाद ग्रहों ने उन्हें फिर अपनी चपेट में ले लिया और 5 दिसम्बर को कादिर राणा की फैक्ट्री राणा स्टील में जीएसटी की छापामार कार्यवाही के दौरान शाहनवाज राणा खुद फैक्ट्री में जीएसटी टीम से मुकाबला करने के लिए आ पहुंचे थे, जहां उन पर आरोप लगा कि उन्होंने महिला अधिकारियों के साथ अभद्रता की है। थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा इस मामले में जीएसटी की डिप्टी डायरेक्टर श्रेया गुप्ता के बयानों के आधार पर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी थी। वहीं दूसरी ओर थाना सिविल लाइन में जीएसटी चोरी के मामले में पुलिस ने पूर्व विधायक शाहनवाज राणा को 120 बी का मुल्जिम बनाया था। गुरूवार को एडीजे प्रथम गोपाल उपाध्याय की कोर्ट में शाहनवाज राणा को पेश किया गया लेकिन पुलिस की ओर से केस डायरी दाखिल न होने के कारण सुनवाई को स्थगित कर दिया गया। जिसकी जमानत अर्जी की अग्रिम तारीख आज (3 जनवरी) नियत की गयी है। वहीं पूर्व सांसद कादिर राणा की अग्रिम जमानत भी कोर्ट से खारिज कर दी गयी है। उनके अधिवक्ता नकली सिंह त्यागी ने बताया कि जमानत के लिए जल्द ही हाईकोर्ट में अपील दायर की जाएगी।

पूर्व विधायक शाहनवाज व पूर्व मंत्री दीपक कुमार समेत तीन आरोपी कोर्ट में पेश

मुजफ्फरनगर, 2 जनवरी (बु.)। वर्ष 2017 विधानसभा चुनाव के दौरान नामांकन करने के समय पूर्व मंत्री दीपक कुमार सहित कई लोगों पर आचार सहित उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस ने पूर्व मंत्री उमा किरण, पूर्व मंत्री दीपक कुमार, पूर्व विधायक शाहनवाज राणा, जाकिर राणा, सलमान जैदी, पायल माहेश्वरी, साक्षी वर्मा व मनोज सैनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। गुरूवार को इनमें से तीन लोग पूर्व विधायक शाहनवाज राणा, पूर्व मंत्री दीपक कुमार व जाकिर राणा एमपी एमएलए कोर्ट में पेश हुए। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता नकली सिंह त्यागी ने बताया कि कोर्ट में मामले की सुनवाई टल गयी है। कोर्ट में मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 14 जनवरी नियत की गयी है। अनुपस्थित अन्य आरोपियों की ओर से हाजिरी माफी दे दी गयी है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 02 जनवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 03 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1831-सामाजिक कार्यकर्त्ता, भारत में पहली महिला शिक्षक और मराठी भाषा में पहली महिला कवयित्री सावित्रीबाई फुले का जन्म। 1894-रवीन्द्र नाथ टैगोर ने 'शांति निकेतन' में 'पौष मेला' का उद्घाटन किया। 1901-'शांति निकेतन' में ब्रह्मचर्य आश्रम खुला। 1903-भारतीय हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ियों में से एक जयपाल सिंह का जन्म। 1929-महात्मा गांधी लॉर्ड इरविन से मिले। 1936-मैथिली भाषा के प्रसिद्ध उपन्यासकार केदारनाथ चौधरी का जन्म। 1941-बॉलीवुड अभिनेता संजय खान का जन्म। 1943-टेलीविजन पर पहली बार गुमशुदा लोगों के बारे में सूचना का प्रसारण किया गया। 1957-अमेरिका के पेनसिल्वेनिया में पहली बार बिजली घड़ी प्रदर्शित की गयी। 1959-अलास्का को अमेरिका का 49वां राज्य घोषित किया गया। 1974-बर्मा (अब म्यांमार) में संविधान को अंगीकार किया गया। 1984-पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय वैज्ञानिक डॉ. ब्रह्म प्रकाश का निधन। 1991-इजरायल ने 23 साल बाद सोवियत संघ में वाणिज्य दूतावास को दोबारा खोला। 1993-अमेरिका और रूस ने अपने परमाणु हथियारों की संख्या को आधा करने पर सहमति जतायी। 1995-हरियाणा के डबवाली में एक स्कूल में लगी भीषण आग में 360 लोगों की मौत। 1998-अल्जीरियाई इस्लामी विद्रोह में 412 लोगों की हत्या। 2000-कलकत्ता का नाम आधिकारिक रूप से कोलकाता रखा गया। 2002-भारत के प्रसिद्ध रॉकेट वैज्ञानिक सतीश धवन का निधन। 2004-12वें सार्क सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी इस्लामाबाद पहुँचे। 2005-यूएसए ने तमिलनाडु में सुनामी पीड़ितों को साफ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 6.2 करोड़ रुपये की सहायता की घोषणा की। 2007-चीन की मारग्रेट चान ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक पद की कमान सम्भाली। 2008-बिजली उपकरण बनाने वाली 'इंडो एशियन फ्युजगीयर लिमिटेड' ने उत्तराखण्ड में हरिद्वार में 40 करोड़ रुपये के निवेश से नया अत्याधुनिक विचार गियर संयंत्र खोलने की घोषणा की।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1500, रसकट ढैया 1245-1255, चाकू 1450-1715, लड्डू 1600-1712, खुरपापाड़ 1480-1500, शक्कर मसाला 1700-1720। आमद- 2500 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	78950	चांदी-	88800
सिक्का-	10500	गिन्नी-	59050

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 03 जनवरी, 2024

मेष- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार पर, प्रियजनो से वांछित सहयोग, संभावित यात्रा संतोषजनक।

वृषभ- आरोग्य सुख, व्यापार में विस्तार, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, निजी जिन्दगी में सुख सुविधा के जरूरी साधन सुलभ, आपनी सौहार्द, मन प्रसन्न।

मिथुन- आज दिन 10/48 बजे तक निराशाजनक, प्रगति का प्रयास असफल, लाभ में कमी, मन उदास, शेष समय में बुद्धि चातुर्य से कार्य सिद्धि, शत्रु परास्त।

कर्क- आज दिन 10/48 बजे तक समय भाग्य के पक्ष में, सद्विचारों का उदय, पुराने विवाद का समापन, यात्रा भी, शेष समय में कठिनाइयाँ प्रभावी, कार्य की अधिकता।

सिंह- योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

कन्या- आरोग्य सुख, व्यापारिक उन्नति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण का मसला हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

तुला- आज दिन 10/48 बजे तक कठिनाइयों से परेशानी, दूसरों के चक्कर में स्वयं की हानि, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार विमर्श, गलत फहमियाँ दूर, लाभ भी।

वृश्चिक- आज दिन 10/48 बजे तक गृहयोग पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यो के प्रति उदासीनता, यात्रा में असंतोष।

धनु- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति का सुअवसर, वैवाहिक सम्बन्धों में सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, पठन-पाठन में अभिरुचि, सद्विचारों का उदय।

मकर- योजना साकार करने की दिशा में प्रयास, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, लाभ।

कुम्भ- आज दिन 10/48 बजे तक समय अशुभ बहु प्रतिक्षित योजना अधूरी, प्रियजनों से अनबन, शेष समय भाग्य के पक्ष में, कार्य सिद्धि का सुयोग, आय के नवीन स्रोत।

मीन- आज दिन 10/48 बजे तक दिनमान अनुकूल, शारीरिक सुख, पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता, शेष समय में लेन-देन में जोखिम से हानि, घरेलु सुख में दिक्कतें।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

डिस्ट्रिक्ट बार एसो. की वर्ष-2025 की चुनाव प्रक्रिया शुरू

नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए दिग्गजों ने किए नामांकन, बार एसोसिएशन में अध्यक्ष पद पर सामने आए चार दावेदार

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बु.)। गुरूवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन मुजफ्फरनगर की वर्ष 2025 की नई कार्यकारिणी के चुनाव हेतु घोषित कार्यक्रम के बीच नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। निर्धारित समय सीमा में इस बीच मुख्य चुनाव अधिकारी के समक्ष तमाम प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ पहुंच नामांकन पत्र दाखिल किए। दोपहर बाद तक जारी जांच में नामांकनों को सही पाए जाने के बाद अब शुक्रवार को नाम वापसी के पश्चात ही इस चुनाव में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में इस बार अधिवक्ताओं की अब तक की स्थिति के बीच 4 ग्रुप के प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस कड़ी में जहां अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष राजेश्वर त्यागी, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व सचिव ठा. कंवर पाल सिंह और अंजुम खां ने ताल ठोकी है, वहीं महासचिव पद पर अग्रिस राणा, अनूप राठी, चंद्रवीर सिंह व गुलबीर सिंह ने नामांकन किया है। शुक्रवार को नामांकन वापसी के बाद चुनाव की तस्वीर साफ हो पाएगी। इसके साथ सात जनवरी को मतदान और आठ जनवरी को मतगणना प्रस्तावित है। शीतकालीन अवकाश के बाद गुरूवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के बीच वर्ष 2025 कार्यकारिणी की चुनाव नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के बीच डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, पूर्व अध्यक्ष अनिल जिंदल और पूर्व

महासचिव सुरेन्द्र मलिक ग्रुप ने जहां एक ओर ठा. कंवर पाल सिंह को अध्यक्ष और चंन्द्रवीर सिंह निर्वाल को बतौर महासचिव उम्मीदवार बनाया है। वहीं कई बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे राजेश्वर त्यागी एक बार फिर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उनके साथ अनूप राठी ने महासचिव पद पर नामांकन किया है। बार संघ में वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने अध्यक्ष और अग्रिस राणा ने महासचिव पद के लिए भी नामांकन पत्र दाखिल किया है। चौथे ग्रुप के रूप में इस बार अंजुम खां ने अध्यक्ष और गुलबीर सिंह ने महासचिव पद पर ताल ठोकी है। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर तीन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दो पद पर 4, उपाध्यक्ष दो पद पर 5 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। महासचिव पद पर 9, कोषाध्यक्ष पद पर चार, वरिष्ठ सदस्यों के छह पदों पर 8 और सामान्य सदस्य के 6 पदों पर कुल 21 प्रत्याशियों की ओर से 22 नामांकन दाखिल किए गए। नामांकन प्रक्रिया के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता रौनक अली जैदी के अलावा उदयवीर पोरिया, सत्येश्वर तोमर, आमोद त्यागी, राजीव शर्मा, सीताराम वर्मा, तरूण गोयल, धर्मेन्द्र पुंडीर, कैलाश चंद, दीपक धीमान और रियाज हसन राठी की देखरेख में गुरूवार को नामांकन की प्रक्रिया पूरी हुई।

इन्होंने कहा-

मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता रौनक अली जैदी ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में नाम वापसी के लिए शुक्रवार का दिन निर्धारित है। नाम वापसी के बाद चुनाव की पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। नामांकन पत्रों की वापसी 3 जनवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे के मध्य की जा सकेगी। यदि आवश्यक हुआ तो 7 जनवरी को प्रातः 8 बजे से 5 बजे सायं तक मतदान जिला बार संघ मुजफ्फरनगर के फैंथम हॉल में कराया जाएगा। वहीं मतगणना 08 जनवरी को प्रातः 8 बजे से मतगणना समाप्ति होने तक कराई जाएगी।

महाकुम्भ में श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी का भव्य प्रवेश

महाकुम्भ नगर, 02 जनवरी (वार्ता)। महाकुम्भ क्षेत्र में सनातन धर्म के ध्वज वाहक अखाड़ों के प्रवेश का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी ने राजसी वैभव के साथ छावनी क्षेत्र में प्रवेश किया। शहर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर संतों का भव्य स्वागत किया गया। कुम्भ मेला प्रशासन की तरफ से भी अखाड़े के महात्माओं का स्वागत किया गया। नागा संन्यासियों और महा मंडलेश्वरों की फौज लेकर छावनी क्षेत्र में महा निर्वाणी अखाड़े ने किया प्रवेश सनातन धर्म के 13 अखाड़ों में सबसे धनवान कहे जाने वाले श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी ने छावनी क्षेत्र में प्रवेश किया। अलोपी बाग के निकट स्थित महा निर्वाणी अखाड़े की स्थानीय छावनी से अखाड़े का भव्य जुलूस उठा। सबसे पहले महा मंडलेश्वर पद का सृजन करने वाले इस अखाड़े में इस समय 67 महा मंडलेश्वर हैं। अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में भी इसकी झलक देखने को मिली। अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद जी की अगुवाई में यह छावनी प्रवेश यात्रा शुरू हुई जिसमें आगे आगे अखाड़े के इष्ट भगवान कपिल जी का रथ चल रहा था, जिसके बाद आचार्य महामंडलेश्वर का भव्य रथ श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहा था। अखाड़ों में मातृ शक्ति को स्थान भी सबसे पहले महा निर्वाणी अखाड़ा ने दिया। अखाड़ा के सचिव महंत जमुना पुरी बताते है कि साध्वी गीता भारती को अखाड़ों की पहली महा मंडलेश्वर होने का स्थान प्राप्त है।

एसडी फार्मेसी में वृक्षारोपण कर किया गया नये साल का स्वागत

रंगारंग प्रस्तुतियों के सहारे अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन, काटा गया केक

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बु.)। भोपा रोड़ स्थित एसडी कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड वोकेश्नल स्टडीज में नये साल का स्वागत वृक्षारोपण और अनेकों रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके किया गया, जिसमें कॉलेज के शिक्षकों-शिक्षिकाओं और कॉलेज स्टॉफ ने अपने भीतर छिपी अनोखी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया। कॉलेज निदेशक डॉ. अरविन्द कुमार ने सभी शिक्षकों, स्टाफ और छात्र-छात्राओं को नये साल की शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि इस वर्ष-2025 को हम सभी नई उम्मीदें और आशा से सफलता की यात्रा बना सकते हैं तथा 2025 को आशावाद, साहस और दृढ़ संकल्प के साथ अपनाएं। इस नये वर्ष 2025 का स्वागत हम सब प्रकृति को बचाने के लिए संकल्प लेकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करके कर रहे है, जिससे कि हम सभी प्रकृति के नजदीक रह सके। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों-शिक्षिकाओं और कॉलेज स्टॉफ ने केक काटकर नववर्ष का स्वागत किया और अनेकों रंगारंग प्रस्तुतियां देकर अपने भीतर छिपी अनोखी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया। संस्थान के सभी पदाधिकारीगण एवं प्रवक्ता डॉ. वैशाली सिंह, डॉ. भुवेन्द्र सिंह, राबिया, कुलदीप सैनी, रवि कुमार, मिनाता, अनुराग, नसीम, मुब्बासिर, आस्था, प्रभा, हिमांशु पाल, वैष्णो, विवेक, सना जैदी, सोनू कुमार, विनय कुमार, विकास कुमार, अक्षय, उत्सव, आशु आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने लिया फायरिंग प्रशिक्षण

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बु.)। लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जानसठ रोड के एनसीसी कैडेट्स ने फायरिंग रेंज पर हथियारों का प्रशिक्षण लेकर सटीक निशाने साधे और अपने साहस का परिचय दिया। 82 यूपी एनसीसी बटालियन मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रवीण भाल विशिष्ट सेवा मेडल के दिशा-निर्देशन एवं एडम ऑफिसर कर्नल नवीन पराशर के मार्गदर्शन में जूनियर डिवीजन के कैडेट्स ने प्रथम सत्र में हथियारों का खोलना-जोड़ना और द्वितीय सत्र में चौ. छोटूराम महाविद्यालय की फायरिंग रेंज पर सटीक निशाने साधे और अपने साहस का परिचय दिया। लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज के एनसीसी अधिकारी राज कमल वर्मा ने कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनसीसी देश की द्वितीय रक्षा पंक्ति है। यह विश्व के युवाओं का सबसे बड़ा अनुशासित संगठन है। उन्होंने कहा कि युद्ध के

मैदान में सैनिक का लक्ष्य एक गोली एक दुश्मन होता है। उसके लिए आवश्यक है कि सैनिक के द्वारा अच्छी तरह से सिखलाई पाई हो। उन्होंने कहा कि हमें शस्त्रों का इस्तेमाल बड़ी सावधानी के साथ करना चाहिए। जरा सी चूक जीवन पर भारी पड़ सकती है। प्रथम सत्र में कैडेट्स को हथियारों का खोलना-जोड़ना और उन्हें इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय सत्र में कैडेट्स ने 25 मीटर की फायरिंग रेंज पर सटीक निशाने साधे और अपने साहस का परिचय दिया। इस दौरान सूबेदार मक्खन सिंह, हवलदार प्रवीण कुमार सहित सभी कैडेट्स मौजूद रहे।

नए साल पर यूपी में बिकी 700 करोड़ की शराब

लखनऊ, 02 जनवरी (एजेंसी)। नए साल में राजधानी में करीब 50 करोड़ रुपये की शराब और बीयर गटक गए। वहीं पूरे प्रदेश में करीब 700 करोड़ रुपये की शराब और बीयर की बिक्री होने का अनुमान है। रोजमर्रा के मुकाबले इस बार 31 दिसंबर और 1 जनवरी को करीब 25 फीसद शराब और बीयर की अधिक बिक्री दर्ज की गई। हालांकि क्रिसमस और नये साल पर वाइन की खपत कम रही। लिकर सेलर वेलफेयर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी देवेश जायसवाल ने बताया कि नए साल पर राजधानी में करीब 30 करोड़ रुपये की अंग्रेजी शराब और 10-10 करोड़ रुपये की बीयर और देसी शराब की बिक्री होने का अनुमान है। आबकारी विभाग ने इस बार नए साल पर दुकानें खोलने का एक घंटा अतिरिक्त दिया, जिससे शराब की बिक्री में इजाफा हुआ। खासकर अंग्रेजी शराब के तमाम महंगे ब्रांड की खासी मांग रही। वहीं विदेशी शराब और वाइन की बिक्री रोजाना की तरह रही।

पैरा एथलीट प्रीति को मिलेगा अर्जुन अवॉर्ड, परिवार में जश्न

रामराज, 02 जनवरी (बु.)। गांव हाशमपुर निवासी पैरा एथलीट प्रीति पाल ने कुछ दिन पूर्व पेरिस पैरालंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन किया था, जिसके बाद खेल मंत्रालय ने पैरा एथलीट प्रीति पाल को अर्जुन अवॉर्ड देने की घोषणा कर दी है। अर्जुन अवॉर्ड की घोषणा होते ही प्रीति पाल के परिवार के साथ-साथ गांव व पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजन एक दूसरे को मिठाई खिला रहे हैं तथा बधाई दे रहे हैं। प्रीति पाल के घर पर भी बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। क्षेत्र के गांव हाशमपुर निवासी एक सामान्य परिवार में जन्मी प्रीति पाल ने पूरी दुनिया में क्षेत्र के साथ-साथ भारत देश का नाम रोशन कर दिया है। प्रीति पाल ने कुछ दिन पूर्व ही पेरिस में हुए पैरालंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर दिया। इसी के साथ प्रीति पाल एक ही पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गई। प्रीति पाल के पदक जीतने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई थी तथा उत्तर प्रदेश सरकार में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने प्रीतिपाल के माता-पिता के हाथों से मोदीनगर के निकट बने एक स्टेडियम का उद्घाटन भी कराया था तथा बाद में जयंत चौधरी ने प्रीति पाल के गांव हाशमपुर स्थित घर पर पहुंचकर प्रति पाल को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) का एम्बेसडर बनाया, जिससे संबंधित पत्र भी प्रीति पाल को सौंपा था। गुरुवार को प्रीति पाल को खेल मंत्रालय की ओर अर्जुन अवॉर्ड दिए जाने की घोषणा की गई, जिसके बाद प्रीति पाल के घर पर प्रीति पाल के पिता को बधाई देने वालों का तांता लग गया। भारत सरकार की ओर से आगामी 17 जनवरी को राष्ट्रपति मुर्मू द्रौपदी अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित करेंगी।

प्रीति पाल हुई खुश, कहा-मेरा सपना अब पूरा हो रहा

मेरठ, 02 जनवरी (एजेंसी)। प्रीति पाल समेत अन्य विजेताओं को 17 जनवरी को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। प्रीति ने अन्नू रानी को भी अवार्ड मिलने पर बधाई दी है। गंगानगर क्षेत्र की शिवलोक कॉलोनी निवासी अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलीट व पेरिस ओलंपिक-2024 की दो पदक विजेता प्रीतिपाल को अर्जुन अवार्ड देने की घोषणा बृहस्पतिवार दोपहर की गई। इसकी जानकारी पर परिवार के लोग खुशी से झूम उठे। उनके आवास व मोबाइल फोन पर बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। प्रीतिपाल ने बातचीत में बताया कि अर्जुन अवार्ड की लिस्ट में नाम होने की जानकारी उन्हें पहले मिल गई थी। जब दोपहर घोषणा की गई तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने कहा मैं अपनी खुशी को बयां नहीं कर सकती हूं। मेरा सपना पूरा हो गया है। उससे ज्यादा खुशी इस बात की है कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों सम्मानित होना गर्व की बात है। अब 17 जनवरी को कोच, परिवार के एक सदस्य के साथ दिल्ली में अर्जुन अवार्ड सेरेमनी में शामिल होंगे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी को भी अर्जुन अवार्ड दिए जाने पर बधाई दी।

स्वास्थ्यकर्मियों को सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई

भोपा, 02 जनवरी (बु.)। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोरना पर आयोजित कार्यक्रम में तीन स्वास्थ्यकर्मियों को सेवानिवृत्त होने पर विभाग के चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट, एएनएम बहन, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, एआरओ, बीपीएम, बीसीपीएम आदि ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह आदि उपहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई तथा स्वास्थ्य विभाग में उनके सेवाकाल की प्रशंसा की गयी।

विदाई समारोह के मुख्य अतिथि मोरना प्रभारी चिकित्साधिकारी सतेन्द्र कुमार ने सेवानिवृत्त हुए स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मांगेराम, बीएचडब्ल्यू यशोदा पाल व बृजेश देवी को भावभीनी विदाई देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के प्रति उनके अटूट समर्पण ने बहुत से लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। आपकी एक खुशहाल और प्रफुल्लित करने वाली सेवानिवृत्ति है। आप अपने करियर को पीछे मुड़कर देख सकते हैं, जिसका बहुत सकारात्मक प्रभाव रहा है। यह पीछे छोड़ने के लिए एक अद्भुत विरासत है। स्वास्थ्य विभाग एक शानदार सेवानिवृत्ति के लिए आपको बधाई देता है। पिछले कुछ सालों में मरीजों के प्रति आपके धैर्य और दयालुता ने हमें हमेशा अपने काम में सुधार करने के लिए प्रेरित किया है। स्वास्थ्य विभाग आपके सेवाकाल को सदैव याद रखेगा। विभाग में आपने पूरी तन्मयता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। अपने सेवाकाल में आपने समयनिष्ठता, कर्तव्यनिष्ठता एवं अनुशासनप्रियता के द्वारा अपने कर्तव्यों का पालन सहृदय होकर सहज और शालीन बनकर किया। आपके सेवाभाव को स्वास्थ्य विभाग सदैव याद रखेगा। समारोह में विभाग के चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट, एएनएम बहन, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, एआरओ, बीपीएम, बीसीपीएम आदि ने सेवानिवृत्त होने पर उन्हें शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह आदि उपहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सतेंद्र कुमार व संचालन डॉ. आर.डी. गौड़ जी ने किया। इस दौरान डॉ. असजद अली, डॉ. नसीब आलम, विजय शर्मा, अरविन्द कुमार, प्रशांत कुमार, मनोज कुमार शर्मा, नरेन्द्र कुमार, यतेन्द्र कुमार, सुमन, एएनएम सुलेखा, शांति शर्मा, नसीम बानो आदि उपस्थित रहे।

उत्तर भारत में अगले सप्ताह बारिश और हिमपात का अनुमान

नई दिल्ली, 02 जनवरी (वार्ता)। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में अगले सप्ताह बारिश और हिमपात का अनुमान है। साथ ही पांच और छह जनवरी को जम्मू-कश्मीर में कुछ स्थानों पर भारी बारिश के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को कहा, ''अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में घना कोहरा और ठंड की स्थिति बने रहने का अनुमान है, उसके बाद इसमें सुधार होगा।'' विभाग के अनुसार, ''दो से चार जनवरी तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की से लेकर छिटपुट बारिश और बर्फबारी हो सकती है तथा पांच से छह जनवरी तक क्षेत्र में छिटपुट से लेकर व्यापक बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। आईएमडी ने कहा कि पांच और छह जनवरी को जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में भी कुछ स्थानों पर भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि का भी अनुमान लगाया है। अगले तीन दिनों के दौरान मध्य और पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में प्रबंधन विभाग में अतिथि व्याख्यान

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बु.)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंधन विभाग (एमबीए) में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें डाटा गवर्नेंस मैनेजर मौ. फुरकान बेग ने इम्पावरिंग फ्यूचर लाडर्स विषय पर छात्रों को सम्बोधित किया।

श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबन्धन विभाग के डीन डॉ. सौरभ मित्तल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये प्रबंधन विभाग के सभी शिक्षकों एवं छात्रों की सराहना की एवं बधाई दी। उन्होंने कई उदाहरणों के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को सफलता की कुंजी के विषय में बताया कि आज के आधुनिक युग में पुस्तकीय शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान का होना भी आवश्यक है। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबन्धन विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से महाविद्यालय के छात्रों के मन में अपने भविष्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न होगी, एवं डिजिटल प्रदर्शन की तकनीकों को सीखने में भी मदद मिलेगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार, डॉ. अतुल रघुवंशी, डॉ. राजीव रावल, डॉ. चित्रा श्रीवास्तव, मिस निवेदिता चतुर्वेदी, शगुन शर्मा का विशेष योगदान रहा।

खराब मौसम-नॉर्वे की ट्रेन में 100 लोग फंसे

ओस्लो, 02 जनवरी (वार्ता)। दक्षिण-पश्चिमी नॉर्वे में खराब मौसम और भारी बर्फबारी होने के कारण एक ट्रेन के इंजन में समस्या आ गयी, जिसके कारण लगभग 100 यात्री ट्रेन में फंसे रहे। डैगब्लैडेट अखबार ने बैन नोर रेल एजेंसी के प्रवक्ता गुन्नार बोरसेथ के हवाले से बताया कि ट्रेन का इंजन मिर्डल और हॉलिगस्किड स्टेशनों के बीच बर्गेन रेलमार्ग पर खराब हो गया और बाद में, एक और ट्रेन मौके पर पहुंची तथा ट्रेन को मिर्डल स्टेशन तक खींचकर ले गई। इस दौरान, यहां का तापमान शून्य से 11 डिग्री सेल्सियस था। रेलवे अधिकारियों एवं बचाव दल ने तत्काल कार्रवाई की और यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का प्रयास किया।

प्रयागराज महाकुंभ मेले की डीएम उमेश मिश्रा ने की एडवाईजरी जारी

60 वर्ष से अधिक आयु या बीमार व्यक्ति यात्रा से पूर्व कराएं अपनी स्वास्थ्य जांच

आपात स्थिति में तीर्थयात्रियों के लिए सहायता के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बु.)। आगामी 14 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में महाकुंभ मेला परिक्षेत्र में भगदड़, अग्निकांड, डूबना, स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या आदि के निस्तारण तथा महाकुंभ 2025 को दुर्घटनामुक्त बनाने हेतु जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण मुजफ्फरनगर व यूपी राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा महाकुम्भ में जाने वाले तीर्थयात्री एवं आमजन के लिए एडवाईजरी जारी की गयी है। डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि महाकुम्भ मेला 2025 मोबाईल एप डाउनलोड करें और मेले की जानकारी प्राप्त करें। वहीं यात्रा से पूर्व निवास स्थान सुनिश्चित करें। बदले मौसम के अनुसार कपड़े एवं खानपान का सामान साथ रखें। गर्म एवं ऊनी वस्त्र साथ में रखें। मौसम की पूर्व जानकारी के लिए मौसम विभाग आईएमडी की वेबसाइट देखें। आपदा की पूर्व चेतावनी हेतु सचेत मोबाईल एप डाउनलोड कर चेक करें।

डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि ऐसे में महाकुंभ में 60 वर्ष से अधिक आयु या पूर्व से बीमार व्यक्ति यात्रा से पूर्व स्वास्थ्य जांच अवश्य करायें। वहीं चिकित्सक से सलाह लेने के बाद महाकुम्भ मेले में जाये। उन्होंने हृदय रोग, श्वास रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगियों को यात्रा के समय विशेष सावधानी बरतने के साथ अपनी दवा निरंतर समय पर लेने की सलाह दी। यदि आयुष्मान कार्डधारक है तो ऐसे में कार्ड अपने साथ में रखें , ताकि आकस्मिकता की स्थिति में सरकारी व निजी चिकित्सालय में मुफ्त इलाज प्राप्त हो सके। डीएम ने बताया कि संगम क्षेत्र में पंहुचने हेतु पैदल चलना पड़ सकता है। ऐसे में शरीर में पानी का स्तर बनाए रखने के लिए पानी या ओआरएस का घोल पीते रहें। मेला क्षेत्र में अत्याधिक भीड़ की संभावना होने के दृष्टिगत गर्भवती महिलाएं विशेष सावधानी बरतें। बच्चों, वृद्धजनों और गर्

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

प्रियंका गांधी और दिलजीत दोसाँझ

प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है और पंजाबी फिल्मी कलाकार दिलजीत दोसाँझ ने प्रधानमन्त्री से मुलाकात की है। इन दोनों खबरों का लोग अपने-अपने हिसाब से विश्लेषण कर रहे हैं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसाँझ का प्रधानमन्त्री से मिलना अच्छा नहीं लगा, तो कुछ को प्रियंका गांधी के आरोपों में कोई दम नहीं लगा। कुछ ने कहा कि न जाने किसने प्रियंका गांधी को गलत सलत जानकारी दे दी। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया है कि मौजूदा सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से देश कमजोर हुआ है। प्रियंका ने एक्स पर पूर्व पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू के कथन को याद करते हुए लिखा, 'मुल्क थोड़े आदमियों के ऊंची कुर्सी पर बैठने से नहीं उठते, मुल्क उठते हैं जब करोड़ों लोग खुशहाल होते हैं और तरक्की करते हैं'। प्रियंका गांधी ने लिखा कि आरबीआई के मुताबिक, भारतीय परिवारों की आमदनी लगातार घट रही है और कर्ज लेने वालों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने लिखा कि नोटबंदी के बाद से लगातार नौकरियां घटी हैं और यह ट्रेंड अब तक जारी है। घटती आमदनी की वजह से लोन चुकाना मुश्किल हो रहा है, इसका नतीजा ये है कि मौजूदा वित्त वर्ष के शुरूआती 7 महीनों में गोल्ड लोन में 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन गोल्ड लोन डिफॉल्ट 30 प्रतिशत बढ़ गया। प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमन्त्री जी ने सालाना दो करोड़ नौकरियां, 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी, विश्वगुरु और नए साल के संकल्प जैसे जुमले तो खूब दिए, लेकिन असल में उनकी आर्थिक कुनीतियों ने करोड़ों देशवासियों को कमजोर किया है। प्रियंका गांधी ने लिखा कि वर्ल्ड इनक्वॉलिटी डेटाबेस के मुताबिक, भाजपा राज में आर्थिक असमानता अंग्रेजी राज से भी ज्यादा बढ़ गई है। देश की आधी से ज्यादा संपत्ति पर एक प्रतिशत अमीरों का कब्जा है। पिछली आठ तिमाही से निजी खपत लगातार नीचे गिर रही है और घरेलू बचत 50 साल के निचले स्तर पर है। मध्य और निम्न आय वर्ग के लोगों पर अप्रत्यक्ष कर के बोझ ने महंगाई बढ़ाई, जिसकी वजह से आम लोग अपना परिवार नहीं चला पा रहे हैं। इस पोस्ट के बाद कई लोगों ने कहा कि प्रियंका केवल आलोचना के लिये पोस्ट कर रही हैं। इनकी यह पोस्ट तथ्यहीन है। समझा जाता है कि यह पोस्ट प्रियंका गांधी ने शिमला से की है। प्रियंका गांधी निजी दौरे पर शिमला में हैं। प्रियंका गांधी का घर शिमला के छराबड़ा में पहाड़ी शैली में बना है। दूसरी तरफ पंजाबी सिंगर और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने पीएम मोदी से मुलाकात की। दिलजीत ने पीएम मोदी को देखते ही उन्हें सैल्यूट किया। पीएम ने भी सत श्री अकाल कहकर दोसांझ का स्वागत किया। इस दौरान दिलजीत ने जब गुरु नानक पर भक्ति गीत गाया, तब पीएम मोदी टेबल पर थाप देते नजर आए। उन्होंने दिलजीत की पीठ भी थपथपाई। दोसांझ ने पीएम मोदी से मुलाकात की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी एक्स पर शेयर कीं। उन्होंने इस मुलाकात को यादगार बताया। दिलजीत के साथ उनकी टीम भी मौजूद रही। दिलजीत दोसांझ ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह 2025 की शानदार शुरूआत है। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के साथ एक बहुत ही यादगार मुलाकात रही। हमने संगीत सहित कई चीजों पर बात की। पीएम मोदी ने एक्स पर दिलजीत दोसांझ के पोस्ट को रीपोस्ट करके लिखा कि दिलजीत दोसांझ के साथ शानदार बातचीत। वह वास्तव में बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। उनमें प्रतिभा और परंपरा का मिश्रण है। हम संगीत, संस्कृति और बहुत सारे माध्यम से जुड़े हैं। किसान नेताओं ने दिलजीत दोसाँझ और प्रधानमन्त्री मोदी की मुलाकात पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि दोसांझ की हरकतें किसानों के आंदोलन के लिए उनके पहले के मुखर समर्थन के विपरीत हैं। शंभू बॉर्डर पर एक किसान नेता ने कहा कि अगर दिलजीत को वास्तव में किसानों की परवाह होती, तो वह शंभू बॉर्डर पर डल्लेवाल जी के साथ एकजुटता में हमारे साथ आते, हमारी चिंताओं को सुनते और अपने पहले के बयानों पर कायम रहते। इसके बजाय,पीएम मोदी से मिलना उनके इरादों पर संदेह पैदा करता है। इस मुलाकात का तो चर्चा है ही, साथ ही यह भी चर्चा है कि दिलजीत दोसांझ 31 दिसंबर को लुधियाना में लाइव कॉन्सर्ट के बाद कानूनी शिकन्जे में फंस सकते हैं। आरोप है कि दिलजीत ने पाबंदी के बावजूद शराब और ड्रग्स को प्रमोट करने वाले गाने गाए। इस संबंध में चंडीगढ़ के एक असिस्टेंट प्रोफेसर ने कहा कि अगर मामले में एक्शन नहीं लिया गया, तो वे सिंगर के खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी करेंगे। दिलजीत ने ठेके, केस, पटियाला पेग जैसे गीतों में थोड़े बदलाव के साथ लुधियाना में पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में आयोजित कॉन्सर्ट में गाया। उनके पास बाल विभाग के उपनिदेशक की तरफ से औपचारिक नोटिस आया है, जिसमें लिखा है कि 31 दिसंबर को लाइव शो में ड्रग्स या हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने न गाने का आग्रह किया गया था। बावजूद इसके उन्होंने उन गानों को गाना जारी रखा। दिलजीत ने कहा था, समस्या है तो बैन करें, इससे पहले तेलंगाना के जिला कल्याण अधिकारी की तरफ जारी नोटिस में गायक को लाइव शो के दौरान पटियाला पेग और पंज तारा जैसे गाने नहीं गाने के लिए कहा गया। इस पर सिंगर ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए 17 नवंबर को अहमदाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि अगर भारत सरकार शराब पर प्रतिबंध लगाती है, तो वे शराब के बारे में गाने बनाना बंद कर देंगे। उन्होंने कहा था कि अगर सभी राज्य खुद को शराबमुक्त राज्य घोषित कर देते हैं, तो मैं वादा करता हूं कि मैं शराब के बारे में कभी नहीं गाऊंगा। चंडीगढ़ में हुए कॉन्सर्ट पर भी विवाद हुआ था। दिलजीत के 14 दिसंबर को चंडीगढ़ के सेक्टर-34 में हुए कॉन्सर्ट को लेकर भी विवाद हुआ था। सेक्टर-23 में रहने वाले रंजीत सिंह ने कॉन्सर्ट को रद्द करने की मांग की थी। उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि दिलजीत के शो से शहर में यातायात व्यवस्था चरमरा जाएगी। हालांकि, बाद में कॉन्सर्ट की परमिशन मिल गई थी। दिलजीत दोसांझ और पीएम मोदी की मुलाकात के वीडियो के बीच कंगना रनौत के इंटरव्यू का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस इंटरव्यू में जब उनसे पीएम मोदी से मुलाकात को लेकर सवाल पूछा था, तब कंगना ने कहा था उन्हें इस बात का बहुत गिला-शिकवा है कि पीएम मोदी से बार-बार मुलाकात का समय मांगने के बाद भी उन्हें मिलने का समय नहीं दिया जा रहा है। कंगना ने जब ये बयान दिया था, तब वो बीजेपी की सांसद बन चुकी थीं। अब सोशल मीडिया पर कंगना के इंटरव्यू का ये हिस्सा वायरल हो रहा है।

चार मोती

सुनील उत्सव

'पोस्ट' 'बयां' 'सियासत' 'गलत'

कभी वो पोस्ट करते हैं, कभी कुछ बोल देते हैं,
गलत हैं कोशिशें उनकी, गलत उनकी हिदायत है।
हराया उनको जनता ने, सबक फिर भी न ले पाये,
गलत हैं सब बयां उनके, गलत उनकी सियासत है।

मेला क्षेत्र में अवैध तरीके से ठहरा रूसी नागरिक पकड़ा गया

प्रयागराज, 02 जनवरी (एजेंसी)। मेला क्षेत्र में एक रूसी नागरिक अवैध तरीके से घूमते हुए पकड़ा गया। जांच में पता चला कि वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी वह पिछले चार महीने से चोरी-छिपे देश में रह रहा था। उसने मेला क्षेत्र के सेक्टर 15 स्थित कैंप में ठिकाना बना रखा था। कमिश्नरेट पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे इमिग्रेशन ब्यूरो दिल्ली को सौंप दिया है। सूत्रों के मुताबिक, मेला क्षेत्र में संदिग्ध लगने पर पुलिसकर्मियों ने पूछताछ की तो वह घबराने लगा। जानकारी पर स्थानीय खुफिया एजेंसी के अफसर भी आ गए। जांच पड़ताल में विदेशी ने अपना नाम आद्रे पॉफकॉप और खुद को रूस का नागरिक बताया। दस्तावेजों की पड़ताल में मालूम हुआ कि उसके वीजा की अवधि सितंबर में ही एक्सपायर हो चुकी है। यह भी पता चला कि वह सेक्टर 15 में ही स्थित श्रद्धालुओं के रेनबो कैंप में ठहरा था। पिछले 15 दिनों से वह मेला क्षेत्र में रह रहा था। पूछताछ के बाद उसे कमिश्नरेट पुलिस को सौंप दिया गया। विस्तृत जांच पड़ताल के बाद आरोपी को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय ले जाया गया। उसके बाद औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे दिल्ली ले जाकर इमिग्रेशन ब्यूरो के हवाले कर दिया गया। उसे बृहस्पतिवार को देश से निर्वासित किया जा सकता है। गौरतलब है कि तीन दिन पहले भी यहां तीन विदेशी पकड़े गए थे।

एडीएम प्रशासन व एसडीएम सदर ने जाना पुरकाजी का हाल

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बु.)। कड़ाके की सर्दी के बीच एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह और एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने पुरकाजी कस्बे की सड़कों और दो मंजिला गौशाला व तालाब के सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया। इस बीच एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम सदर निकिता शर्मा, जल निगम के अधिशासी अभियंता अबु जैद ने पुरकाजी नगर पंचायत द्वारा बनाई गई सड़कों और दो मंजिला गौशाला का निरीक्षण किया। इस बीच अधिकारियों ने गौ माता को घास खिलाते हुए नगर पंचायत द्वारा की गई गौ माता की सही देखरेख एवं रखरखाव को देखा। इसके पश्चात वह नगर पंचायत पुरकाजी द्वारा गौशाला के पीछे चल रहे तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य को देखने पहुंचे और जरुरी दिशा निर्देश दिए। इस बीच पुरकाजी नगर पंचायत के अध्यक्ष जहीर फारूकी एड. ने बताया कि पुरकाजी कस्बे में सभी सड़कों के साथ अन्य कार्य मानकों के अनुरूप किए जा रहे हैं। चेयरमैन ने अधिकारियों को यह भी कहा कि हमारा मकसद नगर पंचायत क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कराने की है, जिससे कि नगर पंचायतवासियों को भविष्य में असुविधाओं का सामना ही न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से नगर पंचायत ईओ मनीष वर्मा, प्रधान लिपिक समर काजमी, सफाई नायक रविकांत, अश्वनी, दीपक आदि मौजूद रहे।

नशे में पहले बिजली के खंभे चढ़ गया शख्स

आंध्र प्रदेश। आंध्र प्रदेश के मन्यम जिले के एम। सिंगिपुरम गांव का एक चौंकाने वाला वीडियो इंटरनेट पर खूब देखा जा रहा है। इस क्लिप में एक शख्स बिजली की तारों पर लेटकर आराम फरमाता दिखाई दे रहा है। उसके इस कारनामे ने स्थानीय लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया की पब्लिक को भी चौंका दिया था। हालांकि, स्थानीय लोगों की सूझबूझ और बहादुरी की वजह से शख्स की जान बच सकी। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह व्यक्ति खंभे पर क्यों चढ़ा। बताया गया कि जब लोगों ने नशे की हालात में शख्स को बिजली के खंभे पर चढ़ते देखा तो वे तुरंत उसकी मदद को दौड़े। लेकिन शख्स ने उनकी चेतावनियों को अनसुना करता रहा और खंभे पर चढ़ता गया। उसके हाई-वॉल्टेज तारों को छूने के डर से लोगों ने ट्रांसफार्मर से बिजली काट दी। पर इसके बावजूद भी शख्स नहीं रूका और तारों पर ही लेट गया। लोग डरे हुए थे कि वह गिर जाएगा। काफी देर तक हवा में लटके रहने के बाद लोगों ने उसे सावधानी से नीचे उतारा। यह वीडियो 31 दिसंबर 2024 को पोस्ट किया गया था। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा - एक शराबी ने मन्यम जिले के पालकोंडा मंडल के एम।सिंगिपुरम गांव में हंगामा किया। वह नशे में बिजली के खंभे पर चढ़ने लगा। उसे देखकर गांववालों ने तुरंत ट्रांसफार्मर बंद कर दिया। वह खंभे पर चढ़कर बिजली के तारों पर लेट गया और कुछ देर तक अजीब हरकतें करता रहा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बुस.)। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के दिशा निर्देशन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार द्वारा गत दिवस सायं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय छात्रावास में नामांकित 100 बालिकाओं के सापेक्ष 91 छात्राएं उपस्थित मिली। सभी बच्चों के पास मौसम के अनुकूल वस्त्र एवं रजाई, गद्दे, बेडशीट, तकिया आदि पाए गए। बालिकाओं के पीने के लिए गर्म पानी की व्यवस्था एवं नहाने के लिए गीजर की व्यवस्था सुचारू रूप से पाई गई। खाद्यान्न भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। सभी छात्राएं स्वस्थ हैं, गत माह दिसंबर 24 में आईएमआर मेडिकल टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। निरीक्षण के दौरान जिला समन्वयक बालिका शिक्षा अंकुर कुमार उपस्थित रहे।

सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बु.)। सीएमओ डॉक्टर सुनील तेवतिया ने गुरूवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खालापार का औचक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का गहनता के साथ ही निरीक्षण कर प्रभारी चिकित्साधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खालापार व नगरीय हेल्थ और वैलनेस सेंटर सूजडू का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य केंद्र के समस्त अधिकारी और कर्मियों को कहा कि वे अपनी कार्यशैली की गुणवत्ता को और अधिक सुधारने का प्रयास करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने इस दौरान नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खालापार में वैक्सीन कोल्ड चेन, औषधियों के रखरखाव के साथ उपस्थिति पंजिका आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सत्रवर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरूस्त करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मियों को ससमय उपस्थित होकर पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के समय उनके साथ मनोज कुमार उपस्थित रहे।

प्रकाश पर्व को समर्पित नगर में निकाली प्रभात फेरी

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बु.)। श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व को समर्पित प्रभात फेरियां गुरूद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब घास मंडी सरवट गेट से रोजाना निकाली जा रही है, जो बीते 1 जनवरी से 6जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे प्रकाश पर्व तक निकाली जायेंगी। गुरूवार को प्रभात फेरी प्रातः6 बजे गुरूद्वारा बुड्ढा साहिब घास मंडी से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग अंसारी रोड, साकेत कॉलोनी, सरवट रेलवे फाटक, गांधी कॉलोनी गली नं. 23 में पहुंची। जहां पर सभी संगतों का गली नम्बर 23 के गणमान्य लोगों ने पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत किया। गांधी कॉलोनी में यहां जत्थेदार देविंदर सिंह कालू एवं जत्थे द्वारा गुरूबानी कीर्तन से संगतों को निहाल किया। अरदास उपरान्त संगतों को दूध पकोड़ों का लंगर छकाया गया। उसके बाद प्रभात फेरी साकेत कॉलोनी, अंसारी रोड होते हुए वापस गुरूद्वारा साहिब पर समाप्त हुई।

अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार गंभीर

जानसठ, 02 जनवरी (बु.)। क्षेत्र के पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मीरापुर की ओर से मुजफ्फरनगर जा रहे कार चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बृहस्पतिवार की दोपहर लगभग तीन बजे मुजफ्फरनगर के थाना नई मंडी क्षेत्र के कल्याणपुरी निवासी 25 वर्षीय वंश पुत्र सुखबीर मीरापुर की ओर से मुजफ्फरनगर जा रहा था, जब वह पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव कवाल के पास प्रजापति ढाबे के सामने पहुंचा, तो अज्ञात वाहन ने युवक की कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी कार डिवाइडर से जा टकराई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात वाहन चालक टक्कर मार कर वहां से फरार हो गया। किसी ने पुलिस को इस दुर्घटना की जानकारी दी। पुलिस ने वंश को सीएचसी जानसठ मे भर्ती कराया, वहां पर उसकी हालत नाजुक होने के कारण उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने वंश के स्वजन को सूचना दे दी है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि अभी तक दुर्घटना की कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

अवैध शराब में गिरफ्तार कर जेल भेजा

सिखेड़ा, 02 जनवरी (बु.)। थाना क्षेत्र की पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध शराब के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को धंधेडा पुलिया पर पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी धंधेड़ा की ओर से एक व्यक्ति आ रहा था। पुलिस को चैकिंग करता देख वह वापस धंधेड़ा गांव की ओर भागने लगा। पुलिस ने पीछा करके उसको पकड़ लिया, जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से अवैध शराब मिली। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम जावेद पुत्र यूसुफ निवासी गांव धंधेड़ा बताया। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि उपयुक्त अभियुक्त के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

ब्राह्मण धर्मशाला मार्ग से अतिक्रमण हटवाने की मांग

- एसडीएम ने मौके पर पहुँचकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए

मीरापुर, 02 जनवरी (बु.)। कस्बे की ब्राह्मण धर्मशाला मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा किये गए अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ब्राह्मण समाज के लोगों ने एसडीएम से मुलाकात की, जिस पर एसडीएम ने मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया तथा अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। गुरुवार को एसडीएम सुबोध कुमार के मीरापुर में पड़ाव चौक स्थित केपी क्लीनिक पर छपेमारी के दौरान ब्राह्मण समाज के लोगों ने एसडीएम सुबोध कुमार से मुलाकात कर कुछ लोगों द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला मार्ग पर अवैध अतिक्रमण किये जाने की शिकायत की, जिस पर एसडीएम सुबोध कुमार ने मौके पर पहुँच तथा निरीक्षण कर अतिक्रमण करने वाले एक व्यक्ति को फटकार लगाई तथा मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार विपिन चौधरी को शुक्रवार को नगर पंचायत से बुल्डोजर मंगाकर अवैध अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। अतिक्रमण हटवाने की मांग करने वालों में कृष्णमोहन शर्मा, राम अवतार शर्मा, संजय शर्मा, सुभाष शर्मा आदि शामिल रहे। इसी दौरान मौजूद नागरिकों ने श्री योगमाया मन्दिर मार्ग पर जलभराव की शिकायत एसडीएम से की, जिस पर एसडीएम ने वहाँ का भी निरीक्षण किया और चेयरमैन जमील मलिक को मौके पर बुलाया तथा राजस्व निरीक्षक संजीव शर्मा व लेखपाल ओमबीर सिंह से वहाँ के रकबे की जांच कर समस्या के निस्तारण करने के आदेश दिए।

शाहपुर में भागवत कथा वाचक स्व. कौशल्या देवी को सैकड़ों ने दी श्रद्धांजलि

शाहपुर, 02 जनवरी (बु.)। कस्बे के वरिष्ठ पत्रकार राजेश गोयल व वरिष्ठ कांग्रेस नेता विपिन गोयल की माता कथा वाचिका कौशल्या देवी की शोक सभा में नगर व क्षेत्र के गणमान्य सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ पत्रकार राजेश गोयल व कांग्रेसी नेता विपिन गोयल की 90 वर्षीया माताजी कौशल्या देवी की कस्बा स्थित रामवती धर्मशाला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए कस्बे के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रदीप चौहान ने अपनी माता को याद करते हुए बताया कि वे कुशल गृहणी होने के साथ ही धार्मिक महिला थी। भागवत कथा उन्हें कंठस्थ याद थी। वे कस्बे के धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर लोगों का सदैव मार्ग दर्शन करती थी। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्यामपाल सिंघल भाई जी एवं मणिकांत मित्तल ने लोगों को कथा वाचिका के जीवन के अनेक किस्से सुनाकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कस्बे के गणमान्य लोगों के साथ ही राजनीतिक, धार्मिक संगठनों, सामाजिक लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। अनेक संगठनों ने शोक संदेश भेज कर माता जी के निधन पर दुख जताया। मुख्य रूप से श्रद्धांजलि सभा में देश वाल खाप चौ. शरणवीर सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री के भाई विवेक बालियान, पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व चेयरमैन, परमेश सैनी, जिला पंचायत सदस्य सतेन्द्र प्रधान, भाकियू नेता सतेन्द्र बालियान, बिजेंद्र बालियान, समाज सेवी अरविन्द पाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन संगल, अनिल बंसल, भाजपा नेता उमेश मित्तल, नवीन राणा, थाना प्रभारी दीपक चौधरी, कस्बा चौकी प्रभारी रविन्द्र यादव, अमित त्यागी प्रधान, कपिल सैनी, अनुज अग्रवाल, सभासद सोनू सैनी, उमेश गोयल आदि सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया।

ऑपरेशन के लिए भेजे गए 24 मरीज

शाहपुर, 02 जनवरी (बु.)। कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित नेत्र जांच शिविर में 80 मरीजों की आंखों की जांच की गई। 24 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. ओपी जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र पर नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार को ऑपरेशन के लिए चिह्नित किए गए मरीजों को विवेकानंद नेत्रालय देहरादून भेजा गया। नेत्र परीक्षण अधिकारी राहुल प्रताप सिंह, एआरओ प्रवीण कुमार और दन्त चिकित्सक मोहित बिन्दल आदि मौजूद रहे।

नेत्र कैम्प में 312 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण हुआ

खतौली, 02 जनवरी (बु.)। लायन्स क्लब संस्कार खतौली के तत्वावधान में लगाये गये निःशुल्क नेत्र कैम्प में 312 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण तथा 54 मरीजों को मोतियाबिन्द आप्रेशन हेतु चयनित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शुगर मिल अस्पताल में लायन्स क्लब संस्कार द्वारा लगाये गये नेत्र शिविर में निर्मल आई चिकित्सालय ऋषिकेश के चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर में आये रोगियों के नेत्रों की जांच पड़ताल कर उन्हें रोगों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए दवाईयों का वितरण किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा 54 मरीजों को मोतियाबिन्द रोग से पीड़ित मरीजों को आप्रेशन हेतु निर्मल आई अस्पताल ऋषिकेश भेजा गया। इस दौरान नेत्र शिविर में लोगों का तांता लगा रहा। इस दौरान लायन चौधरी सुरेन्द्र सिंह, जसबीर राणा, अनिल कुमार, आशीष तायल, दिनेश सहगल, पीयूष जैन आदि लायन्स बन्धुओं का सराहनीय योगदान रहा। क्लब के अध्यक्ष पीयूष जैन ने बताया कि क्लब द्वारा लगातार नेत्र चिकित्सा शिविर लगाये जाते रहते हैं, जिसमें विख्यात चिकित्सकों द्वारा रोगियों के नेत्र रोगों का परीक्षण निःशुल्क किया जाता है।

हाईकोर्ट ने कहा : पत्नी जागीर नहीं, गुलाम बनाने की मानसिकता से बाहर निकलें पति

प्रयागराज, 02 जनवरी (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पत्नी के बगैर सहमति के उसके अंतरंग वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोपी युवक की याचिका खारिज कर दी। कहा कि पत्नी जागीर नहीं है, पति विक्टोरियन युग की मानसिकता त्याग दें। अब दौर बदल गया है, पत्नी का शरीर, उसकी गोपनीयता और उसके अधिकार अपने हैं। पति उनका मालिक नहीं है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने मिजार्पुर निवासी बृजेश यादव की ओर से जिला अदालत में लंबित आपराधिक कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका पर दिया है। मामला मिजार्पुर की चुनार कोतवाली थाना क्षेत्र का है। रोशनहर अहरौरा निवासी बृजेश यादव की शादी रामपुर कोलना में हुई थी। नौ जुलाई 2023 को पत्नी ने बृजेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया कि उसने मुकदमेबाजी की रंजिश में उसके अंतरंग वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए हैं। इससे उसकी प्रतिष्ठा को आघात पहुंचा है। पुलिस ने विवेचना के बाद पति के खिलाफ ट्रायल कोर्ट में आईटी एक्ट की धाराओं में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। कोर्ट ने समन जारी कर पति को तलब किया। इसके खिलाफ पति ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि पीड़िता कानूनी तौर पर उसकी विवाहित पत्नी है। अंतरंगता उसका अधिकार है। लिहाजा, आईटी एक्ट के तहत दर्ज मुकदमा रद्द किया जाना चाहिए। कोर्ट ने दलीलों को सिरे से खारिज कर दिया। कहा कि पत्नी का शरीर उसकी अपनी संपत्ति है। उसके निजी जीवन से जुड़ी हर बात में उसकी सहमति जरूरी है। विवाह एक पवित्र रिश्ता है। विश्वास उसकी नींव है। खुद को पत्नी का मालिक मान कर फेसबुक पर अंतरंग वीडियो अपलोड कर वैवाहिक रिश्ते की पवित्रता को भंग नहीं किया जा सकता। पत्नी पति से अपेक्षा करती है कि वह उसके समर्पण और भरोसे का सम्मान करे। कोर्ट ने फैसले में कहा कि एक दौर था, जब विवाह के बाद महिला की कानूनी पहचान पति के अधीन कर दी जाती थी। अब ये धारणाएं सैद्धांतिक रूप से फीकी पड़ गई हैं, लेकिन उनके अवशेष बचे हैं। पत्नी की शारीरिक स्वायत्तता और गोपनीयता का सम्मान करना न केवल पति का कानूनी दायित्व है, बल्कि समानता को बढ़ावा देने की नैतिक अनिवार्यता भी है।

कार्यवाही न होने पर आत्महत्या करने की चेतावनी दी

खतौली, 02 जनवरी (बु.)। महिला के नहाते हुए वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किये जाने से पीड़िता ने कोतवाली में शिकायत कर आरोपी युवक के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के गांव निवासी महिला द्वारा कोतवाली में दी गयी शिकायत में बताया कि गांव के ही विकास नामक एक युवक ने घर में नहाने के दौरान उसका एक अश्लील वीडियो बना ली। आरोपी युवक उस अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हुए उससे अवैध धन वसूली के नाम पर अब तक 25 हजार रूपये वसूल चुका है। महिला का कथन है कि परिवार की इज्जत के डर से परिवारजनों को बिना बताये वह आरोपी को उक्त रूपये देने के पश्चात आरोपी युवक विकास द्वारा वीडियो वायरल की धमकी देते हुए धन वसूली की भारी डिमांड करने शुरू कर दी गयी, जिस पर उसके द्वारा अपने परिवारजनों को घटना के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। परिजनों की सहमति पर कोतवाली पहुंची महिला द्वारा कोतवाली में दी गयी तहरीर में आरोपी युवक के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की गयी है तथा कार्यवाही न होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की चेतावनी दी है।

संत चिन्मय कृष्ण दास को नहीं मिली राहत

ढाका, 02 जनवरी (एजेंसी)। बांग्लादेश के जेल में बंद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की जमानत पर गुरुवार को सुनवाई हुई। उनकी जमानत पर चटगांव मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई की गई और उनकी याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के लगभग 30 मिनट बाद चटगॉव मेट्रोपॉलिटन सेशन जज मोहम्मद सैफुल इस्लाम ने जमानत याचिका खारिज कर दी। चटगॉव की एक अदालत ने आज कड़ी सुरक्षा के बीच हुई सुनवाई के बाद पूर्व इस्कॉन नेता चिन्मय कृष्ण दास को जमानत देने से इनकार कर दिया। इसकी जानकारी द डेली स्टार ने रिपोर्ट में दी है। मेट्रोपॉलिटन पब्लिक प्रॉसिक्यूटर एडवोकेट मोफिजुर हक भुइयां के अनुसार, दोनों पक्षों की दलीलें सुन

बागपत में आन की खातिर ली बेटी की जान, धारदार हथियार से की हत्या

बागपत, 02 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद में युवती की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिजनों ने हत्या के बाद बेटी के शव को ईख के खेत में दबा दिया। बताया गया कि युवती ससुराल से प्रेमी संग फरार हो गई थी। इसके बाद उसे धोखे से बुलाकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को खेत से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना बिनौली थानाक्षेत्र की बताई गई है। यहां बेटी हत्या का खुलासा होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खेत से शव निकलवाया। जांच पड़ताल में सामने आया कि चार दिन पूर्व युवती सोनीपत में अपनी ससुराल से प्रेमी संग फरार हो गई थी।

यूपीः महाकुंभ में ड्यूटी नहीं करना चाहती है यूपी पुलिस

लखनऊ, 02 जनवरी (एजेंसी)। महाकुंभ में ड्यूटी के लिए प्रयागराज जाने वाले पुलिसकर्मियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अभी तक करीब 15 हजार से अधिक पुलिसकर्मी ड्यूटी करने प्रयागराज पहुंच चुके हैं। हालांकि करीब 5 हजार पुलिसकर्मियों ने अभी तक आमद नहीं कराई है। महाकुंभ में लंबे वक्त तक ड्यूटी करने के लिए मिलने वाला एक लाख रुपये तक का बोनस भी उन्हें लुभा नहीं रहा है। फिलहाल जिलों से पुलिसकर्मियों को भेजने का सिलसिला जारी है। सूत्रों की मानें तो महाकुंभ में तमाम पुलिसकर्मी स्वेच्छा से ड्यूटी करने भी जाते हैं, वहीं तमाम बहाने बनाकर अपनी ड्यूटी कटवाने का जुगाड़ लगाते रहते हैं। आदेश के बावजूद नहीं जाने वाले पुलिसकर्मियों को बाद में मामूली दंड अथवा माफी मिल जाती है। यही वजह है कि पहले चरण के तहत अभी तक करीब 4 हजार पुलिसकर्मियों की महाकुंभ में आमद नहीं हो सकी है। बता दें कि कुंभ में लंबे वक्त तक ड्यूटी करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिकतम एक लाख रुपये तक बोनस भी मिलता है। पिछली बार भी करीब एक दर्जन पुलिसकर्मियों को बोनस दिया गया था, हालांकि इनमें कार्यालयों में कार्यरत पुलिसकर्मियों की संख्या अधिक होने के आरोप भी लगे थे। इस बार भी एडीजी जोन प्रयागराज से महाकुंभ की समाप्ति के बाद लंबे वक्त तक ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों के नाम के साथ प्रस्ताव भेजने को कहा गया है।

कुत्तों ने 7 साल की मासूम को नोच-नोच कर मार डाला, शरीर पर 40 से 50 घाव

खैरथल, 02 जनवरी (एजेंसी)। राजस्थान के खैरथल में एक 7 साल की मासूम बालिका को कुत्तों ने नोच-नोच कर मार डाला। बच्ची के सिर को खाने के साथ ही पेट को नोंचने से आंते बाहर आ गई। इस घटना में बच्ची के शरीर पर 40-50 घाव आ गए। राजस्थान के खैरथल शहर से लगते हुए किरवारी गांव में बीती देर शाम आवारा कुत्तों ने एक 7 वर्षीय मासूम बालिका को नोच नोच कर मार डाला। बच्ची के सिर को खाने के साथ ही पेट को नोंचने से आंते बाहर आ गई। साथ ही बच्ची के घुटने के नीचे का आधा हिस्सा कुत्ते खा गए। बच्ची के शरीर पर 40-50 घाव आ गए हैं। घटना इतनी दर्दनाक थी कि मौके पर पहुंचे प्रत्यक्षदर्शियों के आंखों में आंसू आ गए। जानकारी के अनुसार, किरवारी गांव में कुछ बालिकाएं खेतों में बेर खाने के लिए गई थी, जब सभी बच्चियां अपने गांव किरवारी जा रही थी। इसी दौरान किरवारी के पास करीब आधा दर्जन आवारा कुत्तों ने बच्चियों के ऊपर हमला बोल दिया। इस दौरान चार बच्चियां तो मौके से भाग गई जबकि 7 वर्षीय इकराना पुत्री साहुन खान को 5-6 कुत्तों ने घेर लिया और कुत्तों ने बच्ची को जगह-जगह से नोच डाला।

उत्तर प्रदेश समेत 7 राज्यों में कोल्ड डे अलर्ट, हिमाचल में बारिश-बर्फबारी की चेतावनी

नई दिल्ली, 02 जनवरी (एजेंसी)। नए साल में सर्दी ने जोर पकड़ लिया है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। अगले 24 घंटे के दौरान इन राज्यों के तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। यानी अगले दो दिन यहां पर कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। राजस्थान में भी ठंड बढ़ गई है, जिससे दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आईएमडी के अनुसार, जयपुर में बुधवार सुबह 8:30 बजे तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बीकानेर और चुरू में तापमान क्रमशः 7 डिग्री सेल्सियस और 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू-कश्मीर में भीषण ठंड जारी है और कई इलाकों में तापमान शून्य से नीचे चला गया है। ठंड के कारण डल झील की सतह जम गई। आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार सुबह 8:30 बजे श्रीनगर में -1.5 डिग्री, गुलमर्ग में -2.4 डिग्री, पहलगाम में -6 डिग्री, बनिहाल में 0.4 डिग्री और कुपवाड़ा में 0.4 डिग्री दर्ज किया गया।

अपने बच्चों को बनाएं कट्टर हिंदू, देश को अब हिंदुत्व इंटेलीजेंस की जरूरतः धीरेन्द्र शास्त्री

रामपुर, 02 जनवरी (एजेंसी)। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बृहस्पतिवार को रामपुर पहुंचकर हिंदुत्व को धार दी। उन्होंने हिंदुस्तान में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की तरह हिंदुत्व इंटेलीजेंस (एचआई) की जरूरत बताई और एचआई का तीन रूपों में विस्तार से मतलब भी समझाया। उन्होंने कहा, हिंदू एक नहीं होंगे, तब तक हिंदुस्तान विश्वगुरु नहीं बन सकता। उन्होंने माता-पिता को अपने बच्चों को कट्टर हिंदू बनाने पर जोर दिया। कहा कि एकता में ही शक्ति है। यदि हिंदू एकजुट नहीं होंगे और जातियों में बंटेंगे तो हिंदुस्तान बिखर जाएगा। उन्होंने हिंदुओं की ओर इशारा कर कहा कि आपके सोते रहने का ही कारण है कि तुम्हारी बेटी आशा से आसिया बन रही है। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर मोदी ग्रुप की ओर से मोदी फैक्टरी में स्थित ग्लोबल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश का हिंदू सो रहा है, तभी बंट भी रहा है और लोग कहते हैं हिंदू खतरे में हैं। सोते हुए हिंदुओं को जगाना जरूरी है।

अर्जुन पुरस्कार से बत्तीस खिलाड़ी होंगे सम्मानित

नयी दिल्ली 02 जनवरी (वार्ता) केन्द्र सरकार बीते चार वर्षों में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित करेगी। खेल मंत्रालय ने गुरुवार को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) तथा खेल से संन्यास के बाद प्रशिक्षक के तौर पर खेलों में अपना योगदान देने वालों को 'गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार' की घोषणा की हैं। मंत्रालय की घोषणा के बाद जिन खिलाडियों को यह सम्मान दिया जायेगा उनमें ज्योति याराजी (एथलेटिक्स), अन्नू रानी (एथलेटिक्स) नीतू (मुक्केबाजी), संजीत (मुक्केबाजी), वंतिका अग्रवाल (शतरंज), सलीमा टेटे (हॉकी), अभिषेक (हॉकी), संजय (हॉकी), जरमनप्रीत सिह (हॉकी), सुखजीत सिह (हॉकी), राकेश कुमार (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल(पैरा एथलेटिक्स), जीवनजी दीप्ति (पैरा एथलेटिक्स), अजीत सिह (पैरा एथलेटिक्स), सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स), धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स) प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच. होकातो सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन जी (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स), नितेश कुमार (पैरा-बैडमिटन), थुलासिमथि मुरुगेसन (पैरा-बैडमिटन), नित्या श्री सुमति सिवन (पैरा-बैडमिटन), मनीषा रामदास (पैरा-बैडमिटन), कपिल परमार (पैरा-जूडो), मोना अग्रवाल (पैरा-निशानेबाज), रूबीना फ्रांसिस (पैरा-निशानेबाज), स्वप्निल सुरेश कुसले (निशानेबाजी), सरबजोत सिह (निशानेबाजी), अभय सिह (स्क्वाश),साजन प्रकाश (तैराकी), अमन (कुश्ती) शामिल हैं। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) 2024 पाने वालों में सुच्चा सिह (व्यायाम), मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा-तैराकी) हैं। उत्कृष्ट प्रशिक्षकों के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार 2024 के तहत सुभाष राणा (पैरा-निशानेबाजी), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी), संदीप सांगवान (हॉकी) को सम्मानित किया जायेगा। लाइफटाइम अर्जुन पुरस्कार पाने वालों में एस मुरलीधरन (बैडमिटन), अरमांडो एग्नेलो कोलाको (फुटबॉल) का नाम शामिल है। राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार में फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, मौलाना अबुल कलाम आजाद (एमएकेए) ट्रॉफी 2024, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, समग्र विजेता विश्वविद्यालय, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, (पीबी),प्रथम रनर अप यूनिवर्सिटी और द्वितीय रनर अप यूनिवर्सिटी के लिए गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को सम्मानित किया जायेगा।

मुजफ्फरनगर के हासमपुर की प्रीति पाल

बीएसएफ की महिला जवान की हृदय गति रूकने से मौत

मीरापुर, 2 जनवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव नंगला खेपड़ में प्रसव अवकाश पर चल रही बीएसएफ की महिला जवान की हृदय गति रूकने से मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में शोक छा गया। दोपहर में पूरे सैन्य सम्मान के साथ महिला जवान का अंतिम संस्कार किया गया।

मीरापुर क्षेत्र के गांव नंगला खेपड़ निवासी मोनिंदर बीएसएफ में सिपाही है तथा उसकी पत्नी एकता भी बीएसएफ में ही सिपाही थी तथा

सैन्य सम्मान के साथ हुआ गांव में हुआ अंतिम संस्कार

वर्तमान में उनकी तैनाती मथुरा में चल रही थी। गर्भवती होने के चलते तीन नवम्बर को एकता प्रसव अवकाश लेकर अपनी ससुराल आई थी। बुधवार की रात करीब साढ़े 11 बजे अचानक एकता के सीने में दर्द हुआ तथा हृदय गति रुकने से मौत उनकी मौत हो गई। इससे परिवार व क्षेत्र में शौक छा गया। गुरूवार की दोपहर में बीएसएफ की एक टुकड़ी गांव पहुँची तथा यहां पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ महिला जवान एकता को सलामी देकर उन्हे अंतिम विदाई दी। इस दौरान एसडीएम सुबोध कुमार व सीओ यतेंद्र नागर ने महिला जवान की अंतिम यात्रा में शामिल होकर उनके पार्थिव शरीर को कंधा दिया। गांव में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में रालोद विधायक मिथलेश पाल, भाजपा नेता अमरजीत सिंह, ग्राम प्रधान रविन्द्र कुमार समेत हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

मृतका जवान एकता का फाइल फोटो

डेढ़ माह पूर्व जन्म के दौरान पुत्र की भी हो गई थी मौत

मीरापुर। महिला जवान एकता के पति मोनिंदर ने बताया एकता ने करीब डेढ़ माह पूर्व बीती 17 नवम्बर को मेरठ के एक अस्पताल में पुत्र को जन्म दिया था, लेकिन जन्म के बाद ही पुत्र की भी मौत हो गई थी। जिसका एकता को गहरा सदमा लगा था।

पुत्री का रो-रोकर बुरा हाल

मीरापुर। मृतक बीएसएफ जवान एकता की शादी वर्ष 2016 में हुई थी शादी के बाद 2017 में एकता ने एक पुत्र मान्या को जन्म दिया था, जो अब 8 वर्ष की है। एकता की मौत से मान्या का रो-रोकर बुरा हाल है।

अज्ञात युवक का शव बरामद, सनसनी

बुढ़ाना, 02 जनवरी (बु.)। कस्बे के बड़ौत रोड पर एक अज्ञात युवक की लाश लावारिस हालत में पड़ी मिली। शव को देखकर आसपास के लोग सिहर गये। शव की गर्दन को जंगली जानवरों ने खाया हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि शव दो दिन पुराना है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फोटों के आधार पर शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर बनी एक कालोनी में स्थित एक प्लाट पर आज बृहस्पतिवार के दिन एक शव पड़ा देखा गया। दरअसल जिसके प्लाट पर शव पड़ा मिला, उस प्लाट का मालिक भी एक दो दिन से पारिवारिक हादसे के चलते व्यस्त था, जब आज वह प्लाट पर आया, तो वह दंग रह गया, क्योंकि उसके प्लाट पर किसी अज्ञात व्यक्ति का शव लावारिस हालत मे पड़ा हुआ था। उसने शव की शिनाख्त करनी चाही, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी, तब इसकी सूचना प्लाट मालिक ने बुढ़ाना पुलिस को दी, तो पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। युवक के शव की गर्दन को आवारा जानवरों ने खाई हुई थी। मृतक की उम्र लगभग 42 साल की बताई जा रही है। चर्चा है कि युवक की ठंड से मौत हुई है, क्योंकि मृतक कूड़ा बीनने का काम करता था। यह बात आसपास के लोगों द्वारा बताई गयी है। मृतक पैंट व शर्ट पहने हुए है। पुलिस का कहना है कि वह मांगकर खाने वाला व्यक्ति है। वहीं लोगों का कहना है कि वह सड़क पर भी घूमता हुआ देखा गया है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नही हुई थी। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव मिलने की घटना से आसपास सनसनी फैल गयी।

चाइनीज मांझे में उलझकर मुजफ्फरनगर के व्यक्ति अशोक की हरिद्वार में मौत

देहरादून, 02 जनवरी (एजेंसी)। उत्तराखंड में एक हादसे के दौरान मौत हो गई। मृतक व्यक्ति वहीं पर रहकर नौकरी करता था। वो घटना के समय बाइक से कहीं जा रहा था। इसी बीच हरिद्वार जनपद के जगजीतपुर में पहुंचते ही अचानक चाइनीज मांझा उसके गले में आकर फंस गया और मांझे से उसकी सांस की नली कट गई। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों को पुलिस ने सूचना दी तो कोहराम मच गया। मुजफ्फरनगर से भी उसके परिवारीजन वहां पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

जनपद हरिद्वार के कनखल थाना क्षेत्र में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से घायल हुए हाइड्रा चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। इस मामले में परिजनों ने भी पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस के अनुसार मुजफ्फरनगर जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी निवासी निवासी 46 वर्षी अशोक कुमार पुत्र सुखबीर सिंह हरिद्वार जनपद के कनखल क्षेत्र में हाइड्रा मशीन चलाने का काम करता था। बताया कि वह कई वर्षो से थाना कनखल क्षेत्र के जगजीतपुर में किराए पर मकान लेकर रहता था। वह जगजीतपुर में ही काम पर जाने के लिए बाइक से जा रहा था। पुलिस ने बताया कि जब वो जगजीतपुर में पहुंचा तो अचानक चाइनीज मांझा उसके गले में आकर फंस गया और मांझे से उसकी गले की सांस की नली कट गई। वह लहूलुहान होकर नीचे गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे एक स्थानीय अस्पताल में भिजवाया। जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। थाना कनखल के थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया कि परिजनों के पहुंचने के बाद मृतक अशोक का पोस्टमार्टम करवाया गया था और इसके बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। उधर, एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि चाइनीज मांझे के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस मांझे का प्रयोग न करें। कहा कि सभी थाना प्रभारियों को अभियान चला कर चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

मंत्री नंदी पर हमला मामला : पूर्व विधायक विजय मिश्रा ने दी गवाहों की सूची

प्रयागराज, 02 जनवरी (एजेंसी)। विधायक विजय मिश्रा की सूची में सपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सदस्य प्रो.राम गोपाल यादव, एम्स के दो डॉक्टर और आगरा जेल के अधीक्षक का नाम शामिल है। जबकि, दिलीप ने बिना पते के पांच गवाहों की सूची पेश की है। डर जताया है कि उनके पते उजागर होने पर पुलिस उन्हें भयभीत कर सकती है। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पर हमले के आरोपी पूर्व विधायक विजय मिश्रा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिलीप मिश्रा की ओर से गवाहों की सूची जिला अदालत में पेश कर दी गई। विजय की सूची में सपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सदस्य प्रो.राम गोपाल यादव, एम्स के दो डॉक्टर और आगरा जेल के अधीक्षक का नाम शामिल है। जबकि, दिलीप ने बिना पते के पांच गवाहों की सूची पेश की है। डर जताया है कि उनके पते उजागर होने पर पुलिस उन्हें भयभीत कर सकती है।

सिविल बार पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

पदाधिकारियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बु.)। सिविल बार एसोसिएशन, मुजफ्फरनगर के राष्ट्रीय सभागार में गुरूवार को एक सादे समारोह में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2025 का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार मित्तल व महासचिव राज सिंह रावत के अलावा उपाध्यक्ष संजय शर्मा, सह सचिव प्रशासन अभिषेक खन्ना, सह सचिव पुस्तकालय प्रवीर कुमार संगल व कोषाध्यक्ष राधेश्याम गर्ग ने पद व गोपनीयता की शपथ लेते हुए अधिवक्ता हित में कार्य किए जाने का संकल्प लिया। सभागार में आयोजित किए गए शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद जैगम मियाँ जैदी व चुनाव अधिकारी मुकेश कुमार त्यागी व विजेन्द्र प्रताप ने कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं सदस्यों को इस बीच शपथ दिलवायी।

सिविल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय सभागार में गुरूवार को एक सादे समारोह में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2025 के शपथ ग्रहण समारोह में इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बाद वरिष्ठ सदस्य अनीता रानी, चन्द्र प्रकाश जैन, कुलदीप सिंह, राजेंद्र कुमार, सोहन लाल, विजय कुमार तथा कनिष्ठ सदस्य कु० अनु, कृष्ण पाल, नैना त्यागी, राकेश कुमार, संजीव कुमार कंसल एवं सुनील कुमार को बारी-बारी से मंच पर बुलाकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सभागार में वरिष्ठ अधिवक्ता भूषण शरण महेश, अनिल कुमार दीक्षित, तेग बहादुर सैनी, सुगंध जैन, सोमपाल सिंह, डॉ. माधुरी सिंह, मनोज कुमार शर्मा, विष्णु दत्त, संजीव कुमार गर्ग, सुखदेव मित्तल, हरि ओम गोयल, गौरव गोयल, विजय त्यागी, रोहित त्यागी, सतेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार गुप्ता, रामवीर सिंह, मुकेश जोहरी, वासुदेव दत्त, मदन मोहन त्यागी, अवध बिहारी लाल गुप्ता, अशोक अग्रवाल, नवीन चन्द्र शर्मा, कपिल गुप्ता, रोशन अली जैदी, राज कुमार गोस्वामी, विकुंज मित्तल, ठा. रामनरेश सिंह, अजय कुमार जैन, रेखा शाही, विशु त्यागी, सुषमा वर्मा, रीटा चौधरी, वैभव, शिवानी, मनोज गौड़, प्रशांत शर्मा, ललित कुमार, मनोज त्यागी, महिपाल सिंह, विकास जैन, रामेश्वर प्रसाद शर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

एसएसपी ऑफिस पर महिलाओं का प्रदर्शनः दोस्त पर हत्या का आरोप, कार्रवाई की मांग

मुजफ्फरनगर, 02 जनवरी (बु.)। जंधेड़ी जाटान गांव की महिलाओं ने गुरुवार को एसएसपी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने गांव निवासी अनुज पर कपिल की हत्या का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की। विदित रहे कि जंधेड़ी जाटान गांव के कपिल के भाई सुक्खा के अनुसार, 30 दिसंबर की शाम को अनुज कपिल को किसी बहाने से अपने साथ ले गया। देर रात तक कपिल घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने हरसंभव ठिकाने पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। अगले दिन, 31 दिसंबर की सुबह पानीपत-खटीमा मार्ग पर निराना गांव के पास स्थित एक दुग्ध डेयरी के पास सड़क किनारे कपिल की लाश मिली। सिखेड़ा थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, लेकिन परिजनों का आरोप है कि पुलिस इस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है। इसी बात को लेकर बृहस्पतिवार को मृतक के परिवार की महिलाओं का गुस्सा फूट गया। गुरुवार को कपिल के परिजन और गांव की सैकड़ों महिलाएं एसएसपी कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने अनुज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कपिल की हत्या की साजिश अनुज ने रची और सबूत मिटाने के लिए लाश को सड़क किनारे फेंक दिया। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि कपिल की मौत को लेकर पुलिस अब तक टालमटोल कर रही है। परिजनों का कहना है, कि "पुलिस ने हमारी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो हम बड़ा आंदोलन करेंगे।" उधर प्रदर्शन के बाद एसएसपी ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की और जांच तेज करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि मामले में हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। उधर परिजनों ने अनुज के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने और उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। इस घटना ने न केवल परिजनों बल्कि पूरे गांव में गुस्से का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे जिला प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेंगे।

देर रात 46 आईएएस अफसरों के तबादले

लखनऊ, 2 जनवरी (एजेंसी)। योगी सरकार ने नए साल के अगले दिन गुरूवार को देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है, जिसमें विशेष सचिव के रूप में अपर मुख्य सचिव स्तर के 46 अफसरों के स्थानान्तरण और उनके कामों में बदलाव किया है। मुख्यमंत्री एवं सूचना विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद को पुनः गृह विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। 9 महीने पहले लोकसभा चुनाव के बीच चुनाव आयोग की आपत्ति के बाद उन्हें हटा दिया गया था। तब संजय प्रसाद से गृह विभाग लेकर वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को दिया गया था। 1995 बैच के अधिकारी संजय प्रसाद को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भरोसेमंद अफसर माना जाता है। संजय प्रसाद 1999 और 2001 के बीच गोरखपुर में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे। डीएम के रूप में उनकी पहली तैनाती लखीमपुर में हुई थी। इसी क्रम में आईएएस दीपक कुमार से गृह, गोपन वीजा, पासपोर्ट और सतर्कता विभाग लेकर उन्हें बेसिक शिक्षा विभाग का एसीएस बनाया गया है। उनके पुराने विभाग वित्त संस्थागत और माध्यमिक शिक्षा विभाग भी यथावत रहेंगे। परिवहन निगम के प्रमुख सचिव वंकेटेश्वर लू को वर्तमान पद के साथ सचिव समाज कल्याण तथा सैनिक कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन - जनजाति विकास उत्तर प्रदेश प्रबंध निदेशक यूपी सिडको निदेशक अनुसूचित जाति तथा जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा छत्रपहित साहूजी महाराज एवं प्रशिक्षण संस्थान उ.प्र. के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है वहीं तीन महीने से प्रतिक्षा में चल रहे राजेश कुमार को सचिव होमगार्ड बनाया गया है। प्रमुख सचिव आलोक कुमार द्वितीय का ट्रांसफर हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग खादी एवं ग्रामोद्योग सार्वजनिक उद्यम प्राधिकी शिक्षा व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा महानिदेशक सार्वजनिक उद्यम से प्रमुख सचिव अवस्थपना एवं औद्योगिक विकास विभाग के पद पर किया है। इसी के साथ साथ प्रमुख सचिव बृज भूषण, वीणा कुमारी, प्रमुख सचिव सिंचाई विभाग अनिल गर्ग, औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार आदि सहित 46 अफसरों के तबादले किये गए है।

अमित शाह ने दिया कश्मीर का नाम बदलने का संकेत

नई दिल्ली, 02 जनवरी (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख थ्रू द एजेस पुस्तक को लॉन्च किया गया। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि कश्मीर का नाम ऋषि कश्यप के नाम पर पड़ा होगा। शाह ने कहा कि शासकों को खुश करने के लिए लिखे इतिहास से छुटकारा पाने का समय है। उन्होंने आगे बताया कि अगर भारत को समझना है तो इस देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा। भारत का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है और निर्भरता के समय में कोशिशें की गईं कि हम इसे भुला दें। एक झूठ फैलाया गया कि यह देश कभी एकजुट नहीं हो सकता और लोगों ने इसे मान लिया था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा, "हमारे देश का इतिहास हजारों साल पुराना है। हर कोने से दुनिया भर की सभ्यता को कुछ न कुछ देने के लिए कई गतिविधियां हुईं, लेकिन हमारी गुलामी के कालखंड में हमारा प्रजातीय आत्मविश्वास तोड़ने के क्रम में इसको विस्मृत कराने के कई प्रयास किए गए। एक झूठ फैलाया गया कि देश कभी एक था ही नहीं। देश की आजादी की कल्पना ही बेईमानी है, क्योंकि यह देश कभी था ही नहीं। ढेर सारे लोगों ने इस झूठ को स्वीकार कर लिया। जब इसके मूल में जाते हैं तो हमें मालूम पड़ता है कि अंग्रेजों के समय में लिखे गए इतिहास में कोई खराब इरादा नहीं होगा। लेकिन इनके अल्पज्ञान के कारण उनकी देश की व्याख्या ही गलत थी। एक प्रकार से देखे तो दुनिया भर के अधिकांश देशों का अस्तित्व जियो पॉलिटिकल अस्तित्व है। सीमाओं से बने हुए देश हैं,या तो किसी युद्ध से जन्मे हैं।" अमित शाह ने अनुच्छेद 370 और 35ए हटाने पर भी बात की। उन्होंने कहा, "अनुच्छेद 370 और 35ए ये हमारे देश को एक प्रकार से हमारे देश के साथ कश्मीर को एकरूप होने से रोकने वाले योगदान थे। उस वक्त भी जनता यह नहीं चाहती थी। संविधान सभा में भी बहुमत नहीं चाहता था, कि धारा 370 संविधान का हिस्सा बनें। पीएम मोदी के मजबूत संकल्प ने इसे कश्मीर से हटाया, जिसके बाद से कश्मीर और पूरे देश में विकास शुरू हुआ। अनुच्छेद ने 370 ने घाटी में अलगाववाद के बीज बोये जो बाद में आतंकवाद में बदल गए। अनुच्छेद 370 ने यह झूठ फैलाया कि कश्मीर और पूरे देश के बीच संबंध अस्थाई है।"

यूपीः औरंगजेब की हवेली सहित चार धरोहर ध्वस्त

आगरा, 02 जनवरी (एजेंसी)। मुगलिया सल्तनत की 197 से ज्यादा धरोहरों को समेटे आगरा में बीते तीन माह में मुबारक मंजिल (औरंगजेब की हवेली) समेत चार धरोहरों को ध्वस्त कर दिया गया। यमुना किनारे बने मुगलिया दौर के रिवरफ्रंट में 17 बाग और 28 हवेलियां थे, जिनमें से मुबारक मंजिल एक है। राजा जय सिंह के 17 वीं सदी के नक्शे में मुबारक मंजिल 35 नंबर पर दर्ज है, जिसे संरक्षण की अधिसूचना जारी करते ही ध्वस्त कर दिया गया। इसकी तरह छीपीटोला का शाही हम्माम, यमुना किनारे का जोहरा बाग और हाइवे पर लोदीकालीन मस्जिद का निशां ही मिट चुका है।

दुनिया भर के सैलानी ताजमहल के साथ आगरा में मुगल काल की धरोहरों को देखने, उनकी वास्तुकला समझने आते हैं। 197 स्मारकों के शहर में जगह जगह मुगलिया धरोहरे हैं, जिनमें इतिहास छिपा है। बादशाह अकबर के काल से शहंशाह शाहजहां और औरंगजेब तक मुगलों के लिए अहम रही मुबारक मंजिल का नामोनिशान खत्म कर दिया गया है। महज तीन माह पहले ही राज्य पुरातत्व विभाग ने इसे संरक्षित करने की अधिसूचना जारी की थी। 30 अक्तूबर तक आपत्तियां मांगी गई थी। अंतिम अधिसूचना से पहले ही औरंगजेब की हवेली पर बुलडोजर चलाकर जमीन को सपाट कर दिया गया है। ऑस्ट्रिया की इतिहासकार एब्बा कोच की पुस्तक रिवरफ्रंट गार्डन ऑफ आगरा में मुबारक मंजिल के बारे में विस्तृत ब्योरा दिया ग